बैठक में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चकराता मे पंजीकारण एवं दवाई वितरण के लिए अलग-2 कांउटर बनाए जाने के लिए दिए गए निर्देश के अनुपालन में प्रीफैब्रीकेटेड कक्ष के लिए आंगणन तैयार कर तकनीकि स्वीकृति प्राप्त कर ली गयी है। इसी सप्ताह कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।चिकित्सा अधीक्षक, के द्वारा मरीजों की भर्ती एंव डिस्चार्ज का समय तथा भर्ती पंजिका मे अंकित करवाया जा रहा है। स्वास्थ्य केन्द्र, चकराता के चिकित्सालय में दन्त अनुभाग में स्थापित आर०बी०जी० मशीन की मरम्मत की जा चुकी है, एंव मशीन कार्यशील है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चकराता के भवन की विद्युत रिवाईरिंग को कराने के लिए आंगणन गठित कर, तकनीकि स्वीकृति प्राप्त करते हुये निविदा आंमत्रित की जा रही है।



■ स्वास्थ्य केन्द्र त्यूनी में अल्ट्रासांउड मशीन को जैम पोर्टल पर कार्य के आदेश

स्वास्थ्य केन्द्र चकराता मे छोटे रोगी वाहन की व्यवस्था हेतु जिलाधिकारी द्वारा 15 लाख मात्र की धनराशि उपलब्ध करायी गयी थी, जिससे रोगी वाहन जैम पोर्टल के माध्यम से क्रय की गयी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र त्यूणी की शैययाओं एवं उपकरणों का रंग-रोगन, टाईलिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा वॉल टाईलिंग का कार्य गतिमान है। स्वास्थ्य केन्द्र, त्यूणी हेतु 15 रूम हीटर एंव 05 इलेक्ट्रिक केतली क्रय कर चिकित्सा इकाई को उपलब्ध करा दी गयी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र त्यूणी मे भवन मरम्मत सम्बन्धित कार्यो, यथा शौचालय एंव डिलिवरी एंव पी०एन०सी० कक्ष का आकार बढाये जाने एंव टाईलिंग आदि कार्यों हेतु लोक निर्माण के द्वारा गतिमान है। स्वास्थ्य केन्द्र में कक्ष सेविका एंव स्वच्छक की तैनाती कर दी गयी है, जिनके द्वारा कार्यों का सम्पादन किया जा रहा है।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मनोज शर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश चौहान सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

# किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर किया जाए प्रेरित : जोशी

## किसान भवन में जैविक उत्पाद परिषद की 26वीं परिषदीय बोर्ड बैठक आयोजित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री एवं जैविक उत्पाद परिषद के अध्यक्ष गणेश जोशी की अध्यक्षता में किसान भवन देहरादून में राज्य जैविक उत्पाद परिषद की 26वीं परिषदीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में जैविक एवं प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने से संबंधित कई अहम प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।बैठक को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड में प्राकृतिक खेती की परम्परा रही है। किसानों को इस दिशा में प्रोत्साहित किया जाए, ताकि राज्य को प्राकृतिक एवं जैविक उत्पादों के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए।



बैठक का संचालन परिषद के प्रबंध निदेशक ने किया। इस अवसर पर परिषद के उपाध्यक्ष भूपेश उपाध्याय, मनोनीत सदस्य निरंजन डोभाल, गिरीश बलूनी सहित कृषि, उद्यान, रेशम, सगंध पौधा केन्द्र, जड़ी-बूटी केन्द्र, पंतनगर विश्वविद्यालय एवं शासन से नामित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय

- उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद द्वारा जैविक खेती के साथ प्राकृतिक खेती पर भी कार्य किये जाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ है।
- उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद का नाम बदलकर उत्तराखण्ड जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद परिषद किए जाने पर सहमति बनी।
- किसानों को उनके जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों की उचित मूल्य पर बिक्री सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के चुनिंदा स्थानों पर जैविक/प्राकृतिक मंडियों की स्थापना की जाएगी, जो ई-नाम की तर्ज पर संचालित होंगी।
- प्रक्षेत्रीय गतिविधियों के संचालन हेतु प्रत्येक जनपद में परिषद के कार्मिकों को एक कार्यालय उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी पारित किया।

pnb पंजाब नैशनल बैंक

एस ए एम बी शाखा,
चतुर्थ तल, भीकाजी कामा प्लेस,
नई दिल्ली 110066 ईमेल आईडी: zs8343@pnb.co.in

शुद्धिपत्र

कृपया दिनांक 17.08.2025 को पृष्ठ-12 पर प्रकाशित कब्जा सूचना दिनांक 11.08.2025 का संदर्भ लें, जो खाता मैसर्स श्री जी एग्रो फूड्स के संबंध में है। इस नोटिस में हिन्दी अनुवाद में कुछ त्रुटि पायी गई जिन्हे निम्नवत ठीक प्रकार से पढ़ा जाए।
1. [illegible] नगर को यू.एस. नगर ([illegible] सिंह नगर) पढ़ा जाए
2. [illegible] एग्रो को श्री जी पढ़ा जाए।
3. [illegible] को [illegible] पढ़ा जाए।
अन्य विवरण यथावत रहेंगे।

दिनांक: 27.08.2025, स्थान: सितारगंज
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

# साप्ताहिक सफाई में डीएम और नगरपालिका अध्यक्ष ने की अगुवाई

**■ गणेश चौक से पीडब्ल्यूडी कार्यालय तक चला श्रमदान, दो ट्रक कूड़ा निकाला गया स्वच्छ टिहरी लक्ष्य की ओर बढ़ा कदम, नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** बुधवार 27 अगस्त को बौराड़ी स्थित गणेश चौक से लेकर लोक निर्माण विभाग कार्यालय के समीप नाले तक साप्ताहिक सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खंडेलवाल और नगर पालिका परिषद नई टिहरी के अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने संयुक्त रूप से किया।

अभियान के दौरान नाले में फंसी प्लास्टिक पन्नियां, कूड़ा-करकट निकालने के साथ-साथ झाड़ी कटान का कार्य भी किया गया। सफाई के दौरान लगभग दो ट्रक और एक छोटे वाहन में कूड़ा एकत्रित कर निस्तारित किया गया। इस पहल से क्षेत्र के लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ी।

जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में 15 अगस्त को आयोजित सफाई अभियान के दौरान यह निर्णय लिया गया था कि प्रत्येक बुधवार सुबह 7 बजे से 8 बजे तक नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जाएगा और इसमें सभी लोग श्रमदान करेंगे। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में आज का अभियान संचालित किया गया। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस साप्ताहिक सफाई अभियान में सक्रिय सहयोग दें और नई टिहरी को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में योगदान करें।

नगर पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने कहा कि टिहरी सफाई की दिशा में लगातार प्रगति कर रही है। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और बच्चों तक का विशेष सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली बरसात के दौरान नालियों के जाम होने से जो गंदगी फैली थी, उसे अब धीरे-धीरे नियंत्रित किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि टिहरी स्वच्छ शहरों की श्रेणी में शामिल हो और इसका नाम देशभर में चमके।

अभियान में अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार सिंह, एसडीएम संदीप कुमार, आबकारी अधिकारी लक्ष्मण सिंह, उद्यान अधिकारी अरविंद शर्मा, ईओ नगर पालिका प्रशांत कुमार के साथ-साथ जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और ग्रीन हिमालय क्लीन हिमालय संगठन के युवा भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। सभी ने मिलकर श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संद. ेश दिया और शहरवासियों को प्रेरित किया।

# शहर की खस्ताहाल सड़कों पर कांग्रेस ने जताई नाराजगी, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**■ नई टिहरी की जर्जर आंतरिक सड़कों से बढ़ी परेशानी, कांग्रेस ने उठाई आवाज बारिश में और बिगड़ी टिहरी की सड़कें, कांग्रेस ने आंदोलन की दी चेतावनी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** शहर की आंतरिक सड़कों की खस्ताहाल स्थिति पर कांग्रेस पार्टी ने कड़ा विरोध जताते हुए जिला प्रशासन को चेताया है। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग रखी। कांग्रेस का कहना है कि सरकार और नगर पालिका की लापरवाही ने शहर की करीब 12 किलोमीटर लंबी आंत. रिक सड़कों को पूरी तरह गड्ढों में बदल दिया है। हालत इतनी खराब है कि आए दिन दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो रहे हैं और पैदल चलने वालों के लिए भी रास्ते खतरे से खाली नहीं रहे।

शहर अध्यक्ष कुलदीप पंवार के नेतृत्व में पहुंचे शिष्टमंडल ने कहा कि यह समस्या अब केवल असुविधा तक सीमित नहीं रही, बल्कि लोगों की जान-माल की सुरक्षा पर भी खतरा बन गई है। बारिश के दिनों में हालात और ज्यादा बिगड़ जाते हैं। सड़कों पर पानी भरने से आसपास के रिहायशी इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह बदहाल सड़कें न सिर्फ शहर की छवि को धूमिल कर रही हैं बल्कि विकास की तस्वीर को भी बिगाड़ रही हैं।

ज्ञापन में मांग की गई कि शहर की सभी आंतरिक और मुख्य सड़कों की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए।

कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो पार्टी सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगी। इस दौरान प्रदेश महामंत्री विजय गुनसोला, प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, संतोष आर्य, गब्बर सिंह रावत, वीरेंद्र दत्त, मनीष पंत, बबूल आर्य, धनवीर कालूड़ा, किशोर सिंह मंद्रवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।जिलाधिकारी ने कांग्रेस शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के भीतर पालिका और अन्य संबंधित एजेंसियों को निर्देश जारी कर सड़क सुधार कार्य शुरू किया जाएगा।

## डॉ. रावत बने मेडिकल कॉलेज हरिद्वार के नियमित प्राचार्य

**श्रीनगर।** वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के पूर्व प्राचार्य डा. सीएमएस रावत को हरिद्वार मेडिकल कॉलेज का नया प्राचार्य नियुक्त किया गया है। प्रो. रावत विगत 9 वर्षों से मेडिकल कॉलेज श्रीनगर प्राचार्य के रूप में सेवाएं दे रहें थे। उनकी प्रशास. निक व मैनेजमेंट क्षमता व दूरदर्शिता से न केवल मरीज हित में बल्कि एमबीबीएस और पीजी छात्रों के हित मे ऐतिहासिक फैसले लिए गये। हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में बतौर 14 वर्ष फैकल्टी व प्राचार्य पर सेवा देने के बाद डॉ. रावत ने श्रीनगर में 09 वर्ष तक प्राचार्य व डीन के रूप में कार्य किया

# डीएम नितिका खंडेलवाल सहित कई अधिकारी सम्मानित

**■ आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारिता समिति ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए बढ़ाया हौसला जनता की सेवा और पारदर्शिता को लेकर जिलाधिकारी ने दिए विशेष संदेश**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** बुधवार 27 अगस्त को जनपद में आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारिता समिति की ओर से एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के सचिव हरीश कोठारी द्वारा जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल सहित विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

सम्मान ग्रहण करने के बाद जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने कहा कि प्रशासनिक तंत्र की सफलता तभी संभव है जब सभी अधिकारी और कर्मचारी मिलकर बेहतर तालमेल और संतुलन के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज का चौथा स्तंभ और प्रशासन की तीसरी आंख है, जिसकी वजह से समाज और प्रशासन के बीच विश्वास एवं पारदर्शिता कायम रहती है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे जनता के प्रति पूरी तरह जवाबदेह रहकर कार्य करें और अपने कार्य व्यवहार में सकारात्मक सुधार लाएं।

साथ ही उन्होंने आदर्श संस्था के सचिव हरीश कोठारी को गोल्डन पिन से नवाजे जाने पर शुभकामनाएं दीं।जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के अनुरूप पब्लिक सर्विस डिलीवरी को और बेहतर बनाया जाए और जनता से सीधा संवाद कायम हो। उन्होंने जनपद के अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रियता और तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सेवाभावना ही जिले की सबसे बड़ी ताकत है।समारोह में संस्था के सचिव हरीश कोठारी ने अपने संबोधन में कहा कि छोटे-छोटे कार्यों से भी प्रेरणा और सीख मिलती है, इसलिए हर किसी को समाज की भलाई के लिए समर्पण भाव से आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

इस अवसर पर डीपीआरओ एम. एम. खान, अधिशासी अधिकारी जल संस्थान प्रशांत भारद्वाज, अधिशासी अधिकारी लघु सिंचाई बृजेश गुप्ता, तहसीलदार नरेंद्रनगर अयोध्या उनियाल, तहसीलदार टिहरी मोहम्मद शादाब, एडीओ राकेश शर्मा समेत अन्य अधिकारियों को भी उनकी कार्यकुशलता और सेवाभाव के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों ने सम्मानित अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

## एक नजर .......

### मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की जयंती मनाई

**कोटद्वार ।** कर्मवीर जयानंद भारतीय स्मृति पुस्तकालय में मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों ने उनके योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों ने मुंशी हरिप्रसाद टम्टा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा कि मुंशी हरि प्रसाद टम्टा ने सौ वर्ष पहले प्रदेश के मूल निवासी शिल्पकार समाज के लाखों लोगों के मूल अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने शिल्पकार समाज के लोगों को हजारों एकड़ जमीन दिलाकर उन्हें भूमिधरी अधिकार दिलाए। उन्होंने शिक्षा, रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया। कहा कि मुंशी हरि प्रसाद टम्टा के नेतृत्व में 24-25 सितंबर 1925 को उत्तराखंड के शिल्पकार समाज के आर्थिक, सामाजिक राजनीतिक अधिकारों के लिए अल्मोड़ा में विशाल ऐतिहासिक धोलीडांडा सम्मेलन आयोजित हुआ था, जिसमें शिल्पकारों के मानवीय अधिकारों से जुड़े 21 प्रस्ताव अंग्रेज सरकार को भेजे गए। इस मौके पर जयदेव सिंह, मनवर लाल भारती, केसीराम निराला, विनोद कुमार, आशीष खेतवाल, हर्ष कुमार, संगीता आर्य अनुज चौधरी मौजूद रहे।

### गोल्डन कार्ड धारकों के लिए ओपीडी की पर्ची नि:शुल्क करने की मांग

**कोटद्वार ।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने बेस अस्पताल में गोल्डन कार्ड धारकों के लिए ओपीडी की पर्ची नि:शुल्क करने की मांग की है। पूर्व सैनिक लीग कार्यालय में गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में पेंशनर्स को राजकीय बेस चिकित्सालय में ओपीडी की पर्ची कटवानी पड़ती है। जिसके लिए उन्हें लाइन में खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है। कहा कि पेंशनरों के लिए 80 वर्ष की अवस्था पूरी करने पर पेंशन में 20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी का प्राविधान है, कहा कि इस प्राविधान की जगह 65, 70 व 75 वर्ष पर पांच-पांच प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जाए। कहा कि पेंशनरों की पेंशन में एक समान कटौती के अतिरिक्त नियमित कटौती के बाद भी चिकित्सालयों को भुगतान नहीं किया जाता है, जिसके कारण उनका उपचार भी बंद कर दिया जाता है। कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था उनके जीवन से खिलवाड़ करना जैसा है। इस मौके पर जयवीर सिंह रावत, चंद्रप्रकाश नैथानी, श्याम प्रसाद कोटनाला, मदन मोहन कोठारी, चित्रमणि देवलियाल मौजूद रहे।

### माह में दो दिन उपखण्ड अधिकारी विद्युत सब स्टेशन में बैठेंगे

**कोटद्वार ।** दुगड्डा ब्लॉक के अन्तर्गत विद्युत सब स्टेशन कस्याली में आयोजित एक बैठक में विद्युत निगम के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान निर्णय हुआ कि माह में दो दिन उपखण्ड अधिकारी विद्युत सब स्टेशन कस्याली में बैठेंगे। विद्युत सब स्टेशन कस्याली में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने विद्युत संबंधी समस्याओं को उठाया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बदहाल है। विद्युत सब स्टेशन कस्याली की व्यवस्थाओं को शीघ्र अतिशीघ्र दुरुस्त करने के साथ ही क्षेत्र में खराब पड़े हुए विद्युत पोलों को बदला जाना चाहिए। बताया कि बन्चूरी, नालीखाल, पौखाल, महाबगढ़, सिमलना फीडरों को शीघ्र संचालित किया जाएगा। जबकि क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत बिल सितम्बर माह से नियमित बनेंगे। विद्युत लाइन संचालन करने वाले ठेकेदार क्षेत्र में जाकर जेई के साथ लाइनों का समय-समय पर निरीक्षण करेंगे। बैठक में ईई ऊर्जा निगम नंदिता अग्रवाल, एसडीओ विद्युत रवि अरोड़ा, जेई कमल रावत, सौकीन अली, ग्राम प्रधान जौरासी चंडी प्रसाद कुकरेती सहित विधाता देवी, राम प्रसाद, सुधीर कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, दीपक डोबरियाल, चन्द्रपाल सिंह, दर्शन सिंह, हरिमोहन, हर्षवर्धन, चौतराम, नारायण दत्त, शिवचरण, देवेंद्र चौहान, कमलेश केष्टवाल, अनिल कुकरेती, विक्रम सिंह, भगवान सिंह, धीरज सिंह, यशवंत सिंह, राधेश्याम, रोशन सिंह रावत आदि मौजूद थे।

### एनएच किनारे नाले की सफाई के निर्देश

**श्रीनगर।** नगर निगम की महापौर आरती भंडारी ने एनएच लोनिवि विभाग को नगर क्षेत्र में एनएच किनारे बनी नालियों को सफाई करने के निर्देश दिए है। इस मौके उन्होने एनएच लोनिवि डिवीजन के अधिशासी अभियंता राजव. ीर चौहान को महिला थाने से स्वीत पुल तक एनएच किनारे बने नाले की सफाई व जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि बरसात में नाले के चोक होने से सड़क पर जलभराव की समस्या न हो। इससे पूर्व महापौर ने एजेंसी मोहल्ला स्थित नगर निगम भवनों का निरीक्षण कर भूधंसाव प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा दीवार निर्माण और खाली भूमि पर ओपन जिम व पार्क विकसित करने के निर्देश दिए।

## कौड़ियां स्थित पनियाली गदेरे के ऊपर पुल का निर्माण कराने के संबंध में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** बीते वर्ष आई आपदा में कौड़िया से काशीरमपुर स्थित अनूप विहार को जोड़ने वाला पुल ढह गया था। लगातार शिकायत के बाद भी पुल निर्माण नहीं होने पर क्षेत्रवासियों ने रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जनता के हित को देखते हुए जल्द पुल निर्माण करवाया जाना चाहिए। कौड़िया वासियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए कहा कि कौड़िया में पनियाली गदेरे के ऊपर पुल का निर्माण करवाया गया था। लेकिन, गत वर्ष वर्षाकाल के दौरान यह पुल ढह गया। जिससे काशीरामपुर स्थित अनूप विहार कॉलोनी के लोगों के साथ ही आर्मी कैंप वालों को भी परेशानी हो रही है। कहा कि पुल टूटने से वार्डवासियों को अब रेलवे पटरी के रास्ते बाजार पैदल आना पड़ रहा है।

जहां पर वाहनों की आवाजाही नहीं हो पाती है। जिसके कारण बच्चों को स्कूल छोडने व गर्भवती महिलाओं को चिकित्सालय पहुंचाने में कठिनाई हो रही है। कहा कि 20 मार्च 2024 को प्रदेश के मुख्यमंत्री के कोटद्वार आगमन पर पुल निर्माण की घोषणा भी की गई थी, लेकिन अभी तक पुल का निर्माण नहीं हो पाया है ।वार्डवासियों ने कहा कि स्थाई पुल का निर्माण होने से पहले लोगों के लिए ह्यूमपाइपों की संख्या बढ़ाकर मजबूत आरसीसी का रपटा बना दिया जाए। जिससे लोग वाहनों से आसानी से आवाजाही कर सकें।

## विद्युत उपभोक्ताओं के लिए शिविर का आयोजन

**श्रीनगर।** विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए नगर निगम श्रीनगर सभागार में शिविर आयोजित किया जायेगा। गुरूवार (आज) उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। मंच सदस्य उपभोक्ता अमित ठाकुर ने बताया कि इस शिविर में उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। जिन उपभोक्ताओं को मीटर बदलने में समस्या आ रही है, नए विद्युत संयोजन में देरी हो रही है, गलत बिल बन रहे हैं, जमा राशि के बावजूद बिल में त्रुटियां हैं या खराब ट्रांसफार्मर समय पर नहीं बदले जा रहे, वे अपनी शिकायतें शिविर में दर्ज करा सकते हैं।

# थराली के आपदा प्रभावित क्षेत्र को होगा भूगर्भीय सर्वेक्षण

**■ जिलाधिकारी के अनुरोध पर शासन ने भूगर्भीय सर्वेक्षण की दी अनुमति सर्वेक्षण के आधार पर प्रभावित क्षेत्र में किया जाएगा उपचार का कार्य**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**चमोली जनपद के थराली आपदा प्रभावित क्षेत्र के भूगर्भीय सर्वेक्षण की शासन ने अनुमति प्रदान की गई है।

जिसके तहत थराली के आपदा प्रभावित क्षेत्र का विषय विशेषज्ञों की संयुक्त टीम की ओर से सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा। विशेषज्ञों की टीम की ओर से दी जाने वाली रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा और उपचार के कार्य किए जाएंगे।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि जनपद के थराली क्षेत्र में भूस्खलन से राडीबगड़, तहसील परिसर, कोटडीप, थराली बाजार और चेपडों प्रभावित हो गया है। ऐसे में प्रभावित क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शासन से आपदा क्षेत्र का तकनीकी सर्वेक्षण करने का अनुरोध किया गया। जिस पर शासन की ओर से आपदा प्रभावित क्षेत्रों के सर्वेक्षण के लिए भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण, वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, उत्तराखण्ड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र, केंद्रीय जल आयोग और सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम से सर्वेक्षण करवाए जाने की अनुमति प्रदान की गई है। टीम की ओर से थराली और चेपड़ों के मध्य भूस्खलन और भू-धसाव प्रभावित क्षेत्र का सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त टीम की ओर से किए अध्ययन की रिपोर्ट के आधार पर क्षेत्र में सुरक्षा और उपचार के कार्य करवाए जाएंगे।

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपये तक मिलेगा निशुल्क उपचार

**■ कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम पर वर्चुअल बैठक, जिलाधिकारी ने की समीक्षा सरकार की योजना बनी संजीवनी, अस्पतालों को सीधे होगा भुगतान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** बीती 26 अगस्त की देर शाम जनपद टिहरी गढ़वाल के कलेक्ट्रेट कार्यालय में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम के संबंध में एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खंडेलवाल भी मौजूद रहीं।

बैठक में मंत्रालय की ओर से जानकारी दी गई कि इस योजना के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट स्तर पर एक विशेष अकाउंट खोला जाएगा। साथ ही च्य्दै और ज्दै पोर्टल के संचालन हेतु प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी की स्वीकृति मिलने पर दुर्घटना पीड़ितों के उपचार पर होने वाला पूरा खर्च सीधे च्य्दै पोर्टल के माध्यम से संबंधित अस्पताल को ट्रांसफर कर दिया जाएगा, जिससे पीड़ित और परिजनों को किसी भी प्रकार की वित्तीय दिक्कत न हो।

मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना 5 मई 2025 से पूरे देश में लागू की जा चुकी है।

इसके तहत दुर्घटना की तारीख से सात दिनों के भीतर इलाज की सुविधा दी जाएगी। दुर्घटना की सूचना पुलिस को देनी होगी, जिसके बाद पुलिस को 24 से 48 घंटे में रिपोर्ट अनुमोदित करनी अनिवार्य होगी।

इस योजना को सड़क हादसों में घायल लोगों के लिए "संजीवनी" बताते हुए अधिकारियों ने कहा कि इससे पीड़ितों को तत्काल उपचार मिल सकेगा और अस्पतालों में बिना किसी देरी के कैशलेस सुविधा उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कुसुम, डिस्ट्रिक्ट रोल आउट मैनेजर रवीन्द्र, मंत्रालय से गायत्री और डॉ. सीमा सहित अन्य संबंधित अधिकारी वर्चुअली उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने इस योजना को जनहित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

## एलएलबी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 1 तक करें आवेदन

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बीए एलएलबी एवं एलएलबी पाठ्यक्रम के रिक्त सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गये है। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. राकेश ढोड़ी ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि गढ़वाल विवि के परिसरों और सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए बीए एलएलबी एवं एलएलबी पाठ्यक्रम के रिक्त सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी।

# मोटरमार्ग की राह देखते-देखते थक गई ग्रामीणों की आंखें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

बीते 13 सालों से गांव तक सड़क पहुंचने का इंतजार कर रहें ग्रामीण

श्रीनगर। विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत नौडा, धौलियाना के ग्रामीण आज भी सड़क की राह ताक रहें है। गांव सड़क से न जुडने से ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बडियारगढ़ पट्टी के नौडा-धौलियाना गांव को मोटरमार्ग से न जोडने पर ग्रामीणों ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। इस मौके पर गंभीर सिंह नेगी, बीएस नेगी, गंभीर सिंह जायड़ा, भगवान सिंह जायड़ा ने कहा कि नौडा धौलियाना के ग्रामीण विगत 13 वर्षो से मोटरमार्ग की मांग कर रहें है। गांव में मोटरमार्ग न होने ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना पड़ रहा है। कहा कि सड़क का सुख न मिलने से बिमार लोगों को 6 किमी दूर चुन्नीखाल तक कुर्सी और पलकी के जरिये ले जाना पड़ता है। कहा कि सड़क न होने गांव में 70 प्रतिशत पलायन हो चुका है। हाल ही में धौलियाना ,दुग्ड, नौडा, चौनी गांव में 700 से अधिक लोग निवासरत है। ग्रामीण गंभीर सिंह जायडा ने बताया कि वर्ष 2017 में त्रिवेंद्र सिंह रावत के मुख्यमंत्री रहते हुए नौडा-धौलियाना मोटरमार्ग को बनाने की घोषणा की थी। मोटरमार्ग पर चार बार की सर्वे भी की जा चुकी है। बावजूद भी आज तक ग्रामीणों को मोटरमार्ग का सुख नहीं मिल पाया है। कहा कि सड़क की मांग को लेकर ग्रामीण कई बार शासन-प्रशासन से मांग कर चुकी है, लेकिन मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी कोई अमल नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द से मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है तो वह ग्रामीण आंदोलन के लिएए बाध्य होगा।''नौडा-धौलियाना मोटरमार्ग को लेकर चुन्नीखाल से पांडवखाल-खोंगचा वाले मोटरमार्ग से इसका सर्वे किया गया है। हरियाली विहिन क्षेत्रों में मार्ग को डाइवर्ट किया गया है। हाल ही में मोटरमार्ग के सर्वे को लेकर नरेंद्रनगर डीएफओं से तकनीकि दिक्कतों को लेकर वर्ता की गई है। उम्मीद है कि नौडा-धौलियाना मोटरमार्ग की फाइल जल्द ही नोडल ऑफिस पहुंच सकती है।'' धीरेंद्र कुमार, ईई, लोनिवि कीर्तिनगर

# डेंगू रोकथाम को कुल 24415 घरों में लार्वा निरोधात्मक कार्रवाई

**■ 30742 कंटेनर की हुई जांच, तीन माह से चल रहा डेंगू रोधी अभियान 25 मुख्य चिकित्सालयों में आइसोलेशन वार्ड बनाए, नोडल तैनात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**डेंगू रोग रोकथाम अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में गत तीन माह से चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें अब तक 24415घरों का सर्वे कर लार्वा निरोधात्मक कार्यवाही की गई है। अभियान के अंतर्गत 30742 कंटेनर की जांच की गई।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अभिषेक गुप्ता ने बताया कि जनपद में गत आठ मई से डेंगू रोकथाम अभियान चलाया जा रहा हैं। इसके अंतर्गत आशा, एएनएम व अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीमें घर-घर भ्रमण कर लोगों को डेंगू रोग रोकथाम के प्रति जागरूक कर सर्वे व लार्वा निरोधात्मक कार्यवाही कर रही हैं। स्वास्थ्य टीमों द्वारा घरों में पानी की टेंक का निरीक्षण, टायर, गमलों, फ्रीज ट्रे आदि उन वर्तनों से पानी साफ करवाया गया जहां डेंगू के मच्छर के पनपने की आशंका होती है। उन्होंने बताया कि अब तक 71540आबादी के 24415 घरों का सर्वे किया गया। जिसमें 30742 पानी के कंटेनर की जांच की गई, किसी भी स्थानों पर लार्वानहीं पाया गया, उन्होंने बताया कि बुखार के लक्षण मिलने पर आज तिथि तक 106 लोगो की डेंगू जांच की गई, जनपद में सभी मरीजो की रिपोर्ट नेगेटिव आयी। इसके अतिरिक्त विद्यालयों में भी डेंगू रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अभिषेक गुप्ता ने जनमानस से डेंगू रोकथाम अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा रूके हुए पानी में डेंगू का मच्छर पनपने की आशंका बनी रहती है, लिहाजा डेंगू से बचने के लिए सबसे अच्छा उपाय यह है कि डेंगू के मच्छर को पनपने ही न दें, इसके लिए घरों, स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों के आस-पास पानी एकत्रित न होने दें, उन्होने जल भंडारण की वस्तुओं को ढक कर रखने, कूलर, फूलदान, टंकी आदि ऐसी चीजें जहां पानी एकत्र हो सकता है वहां पानी एकत्र न होने दें व इन स्थानों पर सप्ताह में एक बार सफाई करने तथा डेंगू के मच्छर से बचाव हेतु पूरी बांहों वाले कपड़े पहनने, मच्छरदानी, मच्छर नाशक क्रीम, स्प्रे आदि का प्रयोग करने करें।उन्होंने बताया कि डेंगू रोग रोकथाम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी तैयारी कर दी गई है, बताया कि जनपद के प्रमुख दस चिकित्सालयों में 25आइसोलेसन वार्ड बनाए गए हैं, जिसमें जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में 06 व उपजिलाचिकित्सालय कर्णप्रयाग में 06, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोशीमठ,नंदा नगर, पोखरी थराली एवं गैरसैंण में उपलब्धता के आधार पर दो-दो बेड एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दसौली, नारायणबगड़,एवं देवाल में उपलब्धता के आधार पर एक-एक बेड सहित कुल 25 बेड वाले आइसोशलन वार्ड बनाए गए हैं व वार्ड नोडल की तैनाती भी कर दी गई है। बताया कि डेंगू रोग प्रबंधन के तहत चिकित्सालयों में प्रर्याप्त मात्रा में दवा व जांच किट उपलब्ध हैं।

# कानून व्यवस्था की मजबूत के लिए दोषियों को समय पर सजा दिलाना जरूरी: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने बुधवार को सत्र और अपर सत्र न्यायालयों में विचाराधीन वादों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने शासकीय अधिवक्ता को निर्देशित किया कि जिन कारणों से वाद न्यायालयों में लंबित है, इसका स्पष्ट उल्लेख करें और उनके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए। ताकि लंबित आपराधिक वादों का जल्द से जल्द निस्तारण हो सके।न्यायालयों में लंबित मामलों की स्थिति, गवाहों की उपलब्धता और न्यायालयों में की जा रही पैरवी की गहन समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शासकीय अधिवक्ताओं को निर्देश दिए कि वे हर मामले में न्यायालय को समय से साक्ष्य प्रस्तुत करें। गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। आपराधिक मामलों पर विशेष ध्यान दें और पूरे साक्ष्य, गवाहों और जिम्मेदारी के साथ मामलों की पैरवी की जाए। जिन आपराधिक मामलों में अभी तक चार्जशीट दाखिल नही की गई, उस पर त्वरित कार्रवाई करें।



**■ लंबित आपराधिक वादों के त्वरित निस्तारण को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक**

जिलाधिकारी ने कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए दोषियों को समय पर सजा दिलाना जरूरी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन कारणों से आपराधिक वाद न्यायालयों में लंबित चल रहे है, उन कारणों का स्पष्ट उल्लेख करें, ताकि उनका तेजी से निराकरण किया जा सके। इस दौरान जिलाधिकारी ने न्यायालयों में कुल लंबित वाद, गतिमान वाद, प्रत्येक वाद की अद्यावधिक स्थिति, लंबित होने के कारण और उसके समाधान को लेकर विस्तार से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि न्यायालयों में विचाराधीन/लंबित वादों की प्रगति को लेकर प्रत्येक माह समीक्षा बैठक की जाएगी।संयुक्त निदेशक विधि एवं जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि जनपद देहरादून के बड्स न्यायालय के अंतर्गत जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों के संबंध में 05, गैंगस्टर न्यायालय के अंतर्गत 7, सत्र न्यायालय के अंतर्गत 28, पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायालय के अंतर्गत 38, एफटीएससी के 41, एनडीपीसी एक्ट के 19, पॉक्सो के 81, अपर सत्र न्यायालय विकासनगर के 18, ऋषिकेश के 11 मामले विचाराधीन है। इन मामलों में सुनवाई विचाराधीन/गतिमान है।बैठक में अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशा) जय भारत सिंह, एसडीएम अपूर्वा सिंह, संयुक्त निदेशक विधि गिरीश चंद्र पंचोली, जिला शासकीय अधिवक्ता जीपी रतूडी आदि उपस्थित थे।

# 'आत्मनिर्भर उत्तराखंड' का सपना हो रहा साकार: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून/पौड़ी।** प्रदेश सरकार का आत्मनिर्भर उत्तराखंड का संकल्प अब धरातल पर खिलता नजर आ रहा है। जनपद पौड़ी गढ़वाल के कोट ब्लॉक की महिलाएं लिलियम फूलों की खेती से आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की नई कहानी लिख रही हैं। इन फूलों की खुशबू अब न केवल खेतों में, बल्कि महिलाओं के जीवन में भी उम्मीद और समृद्धि की महक भर रही है।

उद्यान विभाग, ग्रामोत्थान परियोजना एवं एनएचएलएम के संयुक्त प्रयासों से कोट ब्लॉक में 22 पॉली हाउस बनाए गए हैं। पहले चरण में आठ पॉली हाउसों में महिला समूहों ने हॉलैंड से आयातित ओरिएंटल और डांसिंग स्टार वैरायटी के बल्ब लगाए हैं। महिलाओं को जिला योजना से 50 प्रतिशत अनुदान, उत्पादन से लेकर विपणन तक हर स्तर पर सहयोग और बाजार उपलब्ध कराने की गारंटी सरकार द्वारा दी जा रही है। ए-ग्रेड लिलियम की कीमत 80 रुपये, बी-ग्रेड 70 रुपये और सी-ग्रेड 60 रुपये तक तय की गई है। इससे यहां की महिलाएं प्रति वर्ष 10 लाख रुपये तक की आय का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही हैं।



## मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का विजन

हमारा संकल्प है कि उत्तराखंड की हर बेटी और हर महिला अपने सपनों को पंख दे सके।आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड का मार्ग हमारी मातृशक्ति के साहस और मेहनत से ही प्रकाशित होगा। आज पौड़ी की धरती से जो खुशबू उठ रही है, वही कल पूरे उत्तराखंड की पहचान बनेगी।

## महिला सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल: मुख्यमंत्री

**देहरादून।** उत्तराखंड की मातृशक्ति हमारे राज्य का वास्तविक बल है। कोट ब्लॉक की महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि संकल्प और परिश्रम से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। यह सिर्फ फूलों की खेती नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, नवाचार और महिला सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल है। हमारी सरकार हर बेटी और हर महिला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आत्मनिर्भर उत्तराखंड के सपने को साकार करने में हमारी मातृशक्ति सबसे बड़ी सहभागी बनेगी। यह पहल न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रही है, बल्कि प्रदेश सरकार की महिला सशक्तिकरण, नवाचार आधारित खेती और आत्मनिर्भर उत्तराखंड की परिकल्पना को नई दिशा दे रही है।

# शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी: भट्ट

## माया देवी विश्वविद्यालय में हुआ छात्र-छात्राओं का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** माया देवी विश्वविद्यालय में संस्काररम्भ 2025 के छठवें दिन नये छात्र-छात्राओं के स्वागत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष एमएल जुयाल व उपाध्यक्षा डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल की उपस्थिति और कुलपति प्रो. डॉ. आशीष सेमवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर उत्तराखंड राज्यसभा सांसद व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित रहे। सांसद भट्ट ने कहा कि माया देवी विश्वविद्यालय न केवल शैक्षिक सुविधाओं से सुसज्जित है बल्कि छात्रों को ज्ञान के साथ उत्तम संस्कार देने में भी सक्षम है। उन्होंने कहा कि सच्ची लगन और निष्ठा से प्रतिभा कहीं से भी प्राप्त की जा सकती है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को निरन्तर सीखते रहने और अपनी प्रतिभा में निखार लाने का संदेश दिया।



कुलपति प्रो. डॉ. आशीष सेमवाल ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने को हमें सही समय, सही कार्य और सही सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल गौरव जुयाल, प्रतिकुलपति डॉ. संदीप विजय, डॉ. एच.एल. उपाध्याय, डॉ. सीता जुयाल आदि मौजूद रहे।

## विनोद पडियार अध्यक्ष, परमार सचिव बने

**उत्तरकाशी।** डुंडा ब्लॉक मुख्यालय में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों के आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात् प्रधान संघ का भी गठन हो गया है । संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष बौंन ग्राम प्रधान विनोद पडियार अध्यक्ष और सचिव सतवीर परमार मनोनीत किया गया है। बुधवार को डुंडा ब्लॉक के ग्राम प्रधानों ने बैठक आयोजित कर प्रधान संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी की गठन कर दिया। संघ के अध्यक्ष विनोद पडियार, उपाध्यक्ष जयप्रकाश भट्ट ,शशसुनीता देवी,मंगसीरी देवी, सोहन पाल, सचिव सतवीर परमार, कमला देवी, विधिन परघ्मार , दीपिका देवी, सहसचिव सुमन देवी, मनीषा देवी आरती देवी, कोषाध्यक्ष, श्रीष बहुगुण, मोहन लाल, दीषा राणा, अर्चना देवी को मनोनीत किया।

# मोबाइल लूट का एक आरोपी गिरफ्तार

## नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में दिया था लूट की वारदात को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** बाईक सवार बदमाश द्वारा डीकेथलोन के समीप राह चलते एक व्यक्ति के हाथ से उसका मोबाइल फोन लूट लिए जाने की खबर के बाद हरकत में आई नेहरू कॉलनी पुलिस ने मोबाइल लूट की वारदात में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

सुमन विहार ऋषिकेश निवासी शूरवीर सिंह रावत पुत्र धर्मवीर सिंह रावत अपने किसी काम से देहरादून के नेहरू कॉलोनी में आए थे। जैसे ही वह डीकेथलोन के समीप पहुंचे तभी पीछे से बाईक सवार व्यक्ति द्वारा उनके हाथ में मौजूदमोबाइल को छिन लिया गया। इससे पहले की शूरवीर सिंह रावत कुछ समझ पाते बाईक सवार लुटेरा उनकी आंखों से ओझल हो गया था।



इस दौरान पीड़िति व्यक्ति द्वारा मोबाइल लूट की वारदात की जानकारी नेहरू कॉलोनी थाने पर दी गई। मोबइल लूट की खबर के बाद थाने पर हडकंप मच गया। आनन-फानन में स्थानीय पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और लुटेरे की तलाश प्रारंभ की। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने मामले का खुलासा करने के लिए थाने पर ही पुलिस टीम का गठन करने के निर्देश दिए। एसएसपी के निर्देश के बाद बनाई गई पुलिस टीम ने घटनास्थल और उसकसे आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को खंगाला।

इस दौरान पुलिस टीम को खबर मिली की शूरवीर सिंह रावत से मोबाइल लूट की वारदात में शामिल लुटेरा बाईपास फ्लाई ओवर गके नीचे किसी लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।

सूचना के बाद बताए गए स्थान पर पहुंची पुलिस टीम ने बताए गए व्यक्ति को धर दबोचा और थाने लाकर उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम मोहम्मद राशिद पुत्र शाहिद अहमद निवासी कश्म. ोरी कॉलोनी ब्राहणवाला कोतवाली पटेलनगर बताया। पुलिस ने उसके पास से लूटा गया मोबाइल और लूट में शामिल बाईक को बरामद कर संबंधित न्यायालय में पेश किया जहां से उसे चौदह दिन की न्यायिक अभिरक्षा में सुद्धोवाला जेल भेज दिया गया।

# किसानों को मांग अनुरूप समय पर सेब के कार्टन कराएं उपलब्ध : जोशी

## कृषिमंत्री जोशी ने की कृषि एवं उद्यान विभाग की समीक्षा, किसानों की समस्याओं के समाधान पर जोर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि किसानों को उनकी मांग के अनुरूप समय पर सेब के कार्टन उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र और आसपास के प्रभावित क्षेत्रों में अस्थायी फल भंडारण केंद्र शीघ्र बनाने के निर्देश दिए। साथ ही, आराकोट में कोल्ड स्टोरेज और नौगांव में मंडी निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने को कहा।

सूबे के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कृषि एवं उद्यान विभाग की समीक्षा की। बैठक में कृषि मंत्री जोशी ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के 95 ब्लॉकों में अधिक से अधिक किसानों, स्वयं सहायता समूहों, पूर्व सैनिकों को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने वाइब्रेंट योजना के तहत सीमांत गांवों में अखरोट उत्पादन की संभावनाओं को तलाशने और इसमें पूर्व सैनिकों को जोड़ने पर जोर दिया। साथ ही, प्रदेश के राजकीय गार्डनों में अखरोट की नर्सरी विकसित करने के भी निर्देश दिए।बैठक में कृषि सचिव डा एसएन पांडेय, कृषि महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान, कृषि निदेशक परमाराम, संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार, संयुक्त निदेशक सुरेशराम, बागवानी मिशन के निदेशक महेंद्र पाल, जैविक बोर्ड के एमडी विनय कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### फार्म मशीनरी बैंक की अधिकतम स्थापना करने के निर्देश

बैठक में जोशी ने फार्म मशीनरी बैंक की अधिकतम स्थापना करने को कहा, ताकि किसानों को खेती के उपकरण सस्ती दरों पर उपलब्ध हो सकें। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सेब की अति सघन बागवानी को बढ़ावा देने और दुर्गम क्षेत्रों में कृषकों के उत्पादों को सड़क मार्ग तक पहुंचाने के लिए रोपवे निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

### पॉलीहाउस निर्माण की प्रगति पर भी नाराजगी जताई

कृषि मंत्री जोशी ने पॉलीहाउस निर्माण की प्रगति पर भी नाराजगी जताई और अधिकारियों को तेजी से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने उच्च अधिकारियों को जनपद स्तरीय अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय की जाए तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में आगामी माह में प्रस्तावित विभागीय कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी चर्चा की गई।

# दो लाख छात्रों को स्काउट्स एंड गाइड्स से जोड़ने का लक्ष्य: डॉ. रावत

## प्रादेशिक परिषद की बैठक में अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेशभर के शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययन करने वाले प्रत्येक छात्र-छात्राओं को स्काउट्स एंड गाइड्स से जोड़ा जायेगा। पहले दो वित्तीय वर्षों में दो लाख युवाओं का पंजीकरण कराया जायेगा, जिसके लिये भारत स्काउट गाइड के अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। इसके अलावा अधिकारियों को सभी शिक्षण संस्थानों में स्काउट गाइड की इकाईयां भी स्थापित करने के लिये ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया, ताकि बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन तथा व्यावहारिक नैतिक मूल्यों का भी ज्ञान प्राप्त हो सके।



भारत स्काउट एंड गाइड उत्तराखंड के प्रादेशिक अध्यक्ष एवं विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज स्काउट गाइड के प्रादेशिक कैंपिंग सेंटर भोपालपानी, देहरादून में प्रादेशिक परिषद की विशेष बैठक ली। जिसमें उन्होंने स्काउट्स एंड गाइड्स के अधिकारियों को अगले दो वित्तीय वर्षों के भीतर स्काउट्स एंड गाइड्स की संख्या दो लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने समस्त निजी एवं राजकीय शिक्षण संस्थानों में स्काउट एंड गाइड अनिवार्य रूप से लागू करने व इसकी इकाईयां स्थापित करने के लिये अधिकारियों को ठोस कार्ययोजना बनाने को भी कहा, ताकि अधिक से अधिक बालक-बालिकाओं को इस योजना का लाभ मिल सके। बैठक में स्काउट्स एंड गाइड्स की वार्षिक गतिविधियों की समीक्षा के साथ ही भविष्य की कार्ययोजनाओं पर भी विचार-विमार्श किया गया। डॉ. रावत ने भारत स्काउट एंड गाइड की प्रादेशिक परिषद की बैठक के दौरान ई-मैगजीन का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि इस पत्रिका के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को स्काउट्स एंड गाइड्स की जानक. ारी मिलेगी ही साथ ही उन्हें साहसिक गतिविधियों व विभिन्न अभियानों में किये गये उत्कृष्ट कार्यों का भी जानकारी मिलेगी। इससे पहले उन्होंने प्रादेशिक कैंपिंग केन्द्र की मल्टीपल वॉल लाइन का भी लोकार्पाण किया।

बैठक में भारत स्काउट एंड गाइड्स उत्तराखंड की प्रादेशिक आयुक्त गाइड एवं निदेशक एससीईआरटी वंदना गर्ब्याल, स्टेट सेक्रेटरी आरएम काला, सह सचिव कल्पना धामी, संगठन आयुक्त स्काउट बीएस बिष्ट, संगठन आयुक्त गाइड अंजलि चंदोला, प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट आर एस नेगी, कोषाध्यक्ष डॉ दलजीत कौर, हेडक्वार्टर कमिश्नर हेमलता भट्ट, डीआरएम भारती, जिला मुख्य आयुक्त एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी जनपद देहरादून एवं टिहरी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरबीआई व आईओबी ने सैचुरेशन कैंप का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आरबीआई व आईओबी के संयुक्त तत्वावधान में एक ग्राम पंचायत सैचुरेशन कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें री-केवाईसी और वित्तीय समावेशन पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया गया।

इस कार्यक्रम में आरबीआई की महाप्रबंधक व ओम्बुड्समैन दीप्ति अग्रवाल, आईओबी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक शशिकांत भारत, आरबीआई के सहायक महाप्रबंधक राजेश अरोड़ा और पीएनबी के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिनेश कुमार गुप्ता ने शिर. कत की। कैंप में आईओबी की और से ग्राम वासियों को मौके पर ही री-केवाईसी सेवाएं प्रदान की गईं तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व प्रधानमंत्री जन धन योजना में नामांकन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आईओबी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक शशिकांत भारत ने कहा कि यह पहल पुराने केवाईसी रिकॉर्ड के कारण किसी ग्राहक के पीछे न रह जाए, इसे सुनिश्चित करने को एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं पीएनबी के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि जन सुरक्षा योजनाएं वित्तीय सुरक्षा की आधारशिला हैं।



# स्यानाचट्टी में बारिश आई, तो फिर आ सकता है गदेरा, झील का खतरा बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री धाम के मुख्य पड़ाव स्यानाचट्टी में झील का मलवा उठाने का कार्य शुरू हो गया है लेकिन झील बनने का खतरा अभी भी टला नहीं है। कुपड़ा गांव की तरफ से आने वाले गढगाड गदेरे से यदि बारिश के कारण फिर मलबा व बोल्डर फिर आये तो झील फिर बन सकती है।

बहरहाल सिंचाई विभाग ने तीन पोकलेन मशीनों को यमुना नदी पर उतार कर झील के मुहाने पर कुपड़ा क्षेत्र से आने वाले गढ़गाड गदेरे से मलबा व बोल्डर को उठाना शुरू कर दिया है। जल्द झील पूरी तरह से खुलकर पंचर हो जायेगी लेकिन झील बनने का खतरा अभी भी टला नहीं। यदि पुनः कुपडा गदेरे से भारी बारिश से मलवा आता है तो यमुना नदी का जल प्रवाह बाधित होगा और फिर झील बनने का खतरा बढ़े गा । हालांकि यमुना नदी के एक छोर से पानी की निकासी हो रही है। यमुना नदी का बहाव यमुनोत्री हाईवे पर बने पुल से सिर्फ महज दो फीट नीचे है। नदी के किनारे बने कुछ होटलों के निचले तल में अभी भी पानी भरा हुआ है। यहां अभी भी यमुना नदी के मुहाने पर कुपड़ा खड्ड से निरंतर मलबा व बोल्डर बह कर आ रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि अभी भी गदेरे से मलबा व बोल्डर आने से यमुना का जल प्रवाह बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभी खतरा पूरी तरह से टला नहीं है। क्योंकि कुपड़ा खड्ड लगातार डर पैदा कर रहा है।

मामले में सिंचाई विभाग के ईई पन्नी लाल ने कहा कि पोकलेन मशीन कुपडा खड्ड के मुहाने पर एकत्रित मलबा हटाने के लिए रास्ता बनाया गया है और तीन पोकलेन मशीन झील के मुहाने पर मलवा हटाने पर लगे हैं। उन्होंने कहा कि वह डेढ़ माह से तीन पोकलेन मशीनों को लगा कर चौनलाइजेशन कार्य कर रहे हैं लेकिन रुक-रुककर बारिश होने से दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि झील को जल्द पूरी तरह से खुलकर मलवा हटाया जा रहा लेकिन यदि कुपडा गांव में पुनः भारी बारिश से मलवा आता है तो झील बनने के खतरा को टाला नहीं जा सकता है।

# एनडीएमए ने राज्य में राहत-बचाव कार्यों को सराहा

## धराली व थराली में संचालित खोज एवं बचाव अभियान की समीक्षा, उपकरणों के प्रयोग पर अनुभव साझा करेंगे दल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने धराली में संचालित राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। इसके साथ ही इस मानसून सीजन में थराली, स्यानाचट्टी, पौड़ी तथा प्रदेश के अन्य स्थानों पर हुए नुकसान की जानकारी ली। एनडीएमए के स्तर से राज्य को हरसंभव मदद का भरोसा दिया गया है। एनडीएमए के ज्वाइंट एडवाइजर ऑपरेशन लेफ्टिनेंट कर्नल संजय कुमार शाही ने धराली तथा थराली आपदा में उत्तराखंड सरकार तथा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन आपदाओं का सामना करने में आपदा प्रबंधन विभाग तथा विभिन्न रेखीय विभागों के मध्य बड़ा संतुलित व बेहतरीन समन्वय देखने को मिला। इस दौरान उन्होंने धराली में इस्तेमाल किए गए विभिन्न उपकरणों जैसे जीपीआर, उच्च स्तरीय मेटल डिटेक्टर, थर्मल इमेजर, ड्रोन, लिडार, वीएलएस कैमरा, लाइव डिटेक्टर के प्रयोग के दौरान प्राप्त अनुभवों के आधार पर एक रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने को कहा है।



इस अवसर पर अपर सचिव-यूएसडीएमए के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, यूएलएमएमसी के निदेशक डॉ. शांतनु सरकार आदि मौजूद थे।

### एनडीएमए का भी मिल रहा सहयोग: सुमन

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य का समूचा आपदा प्रबंधन तंत्र पूरी क्षमता तथा दक्षता के साथ धराली और थराली में डटा है। दोनों ही आपदाएं बड़ी हैं, लेकिन ग्राउंड जीरो पर कार्य कर रही टीमों के हौसले भी बुलंद हैं। इस दौरान उन्होंने धराली आपदा के दौरान एनडीएमए के स्तर से प्रदान किए गए सहयोग के लिए उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मानसून अवधि में राज्य को हुए नुकसान की एक समग्र रिपोर्ट जल्द ही भारत सरकार को प्रस्तुत की जाएगी।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, आईजी एसडीआरएफ अरुण मोहन जोशी, कमांडेंट अर्पण यदुवंशी ने बैठक में ऑनलाइन प्रतिभाग किया।

**SDRF ने एकत्र किए मिट्टी व पत्थर के नमूने:** एसडीआरएफ के कमांडेंट अर्पण यदुवंशी ने बताया कि एसडीआरएफ और नेहरू पर्वतारोहण संस्थान की टीम द्वारा श्रीकंठ पर्वत के बेस कैंप से मिट्टी तथा पत्थरों के सैंपल एकत्र किए गए हैं। इन्हें वाडिया भूविज्ञान संस्थान तथा एनआरएससी को अध्ययन के लिए दे दिया है। इसके साथ ही ड्रोन से भी पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है। ड्रोन फुटेज भी इन्हें उपलब्ध करा दी गई हैं।

# स्पा सेंटर पर छापा, देह व्यापार का भंडाफोड़

## एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और सिडकुल पुलिस टीम ने दो युवक, पांच युवतियों को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और सिडकुल पुलिस टीम ने पेंटागन मॉल में स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ करते हुए पांच युवतियों और दो युवकों को गिरफ्तार किया है। स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार की सूचना पर बुधवार को एएचटीयू और सिडकुल पुलिस ने पेंटागन मॉल स्थित गुड एंड हैप्पी स्पा एंड सैलून पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने आपत्तिजनक स्थिति में मिले दो युवकों ऋषिकेश निवासी सचिन पुत्र महावीर व गणेश पुत्र दुलबुन और पांच युवतियों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आपत्तिजनक सामग्री भी मौके से बरामद की गयी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों पर अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। स्पा सेंटर का संचालन अनुभव व उसकी पत्नी निवासी आरके पुरम कालोनी सिडकुल कर रहे थे। पुलिस के अनुसार दंपति कई वर्षों से अंतर्राज्यीय गिरोह बनाकर हरियाणा, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मुजफ्फरनगर आदि स्थानों से युवतियों को लाकर स्पा सेंटर और सैलून की आड़ में देह व्यापार का धंधा चला रहे थे।



इसके अलावा पेंटागन मॉल में संचालित एक अन्य स्पा सेंटर फ्लूट एंड फ्लाई स्पा एंड सैलून में अनियमितता पाए जाने पर टीम ने स्पा सेंटर की हरियाणा निवासी संचालिका पर चालान की कार्रवाई की है। पुलिस टीम में एसआई राखी रावत, एएसआई देवेंद्र, एएचटीयू हेडकांस्टेबल राकेश, कांस्टेबल जयराज, मुकेश, महिला कांस्टेबल शशिबाला, गीता देवी, थाना सिडकुल की महिला हेड कांस्टेबल उमा सिरोहा, कांस्टेबल विपिन कैंथोरा, कांस्टेबल चालक दीपकचंद शामिल रहे।

# ग्रामीणों का बिजली विभाग पर फूटा गुस्सा

## फाउंड्री गेट स्थित कार्यालय पर सैकड़ों की भीड़ ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। भेल फाउंड्री गेट स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय पर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने बिजली कटौती और अव्यवस्थित आपूर्ति को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। भारी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लगातार हो रही बिजली कटौती से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और किसानों के साथ-साथ छोटे कारोबारियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत विभाग ने अचानक उनके क्षेत्र का फीडर बदल दिया है, जिसके चलते आपूर्ति लगातार बाधित हो रही है। आक्रोशित ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की। समाजसेवी कासिम अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुशर्रफ अंसारी और पूर्व प्रधान हारून अहमद ने कहा कि अगर विभाग ने गंभीरता से समस्या का निवारण नहीं किया तो ग्रामीण आंदोलन को और उग्र करेंगे। इस मौके पर मोहम्मद हारून पूर्व प्रधान एकड़ कला मनीष कुमार प्रधान सराय शेर आलम क्षेत्र पंचायत सदस्य एकड़ हाजी मोहम्मद कासिम अंसारी उप प्रधान प्रतिनिधि ग्राम सराय अब्दुल सुभान अंसारी आदि ग्रामीण शामिल रहे।



# पुण्यतिथी पर संतों व श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलीन उषा माता को किया नमन

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। जय मां मिशन की संस्थापक ब्रह्मलीन चक्रवर्ती महामंडलेश्वर उषा माता की 18वीं पुण्यतिथि पर हरिद्वार, पंजाब के बस्सी पठाना, दिल्ली सहित जय मां मिशन की सभी शाखाओं में संतों और श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलीन उषा माता का भावपूर्ण स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रवणनाथ नगर स्थित जय मां आश्रम में संतों व श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलीन चक्रवर्ती महामंडलेश्वर उषा माता और उनके शिष्य ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी महादेव को नमन किया। इस अवसर पर स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि ब्रह्मलीन चक्रवर्ती महामंडलेश्वर उषा माता संत समाज की दिव्य विभूति थी। देश भर में जय मां मिशन की स्थापना कर उन्होंने सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन में अहम भूमिका निभायी। उनके पदचिन्हों पर चलते उनके शिष्य ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी महादेव ने जय मां मिशन की सेवा संस्कृति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जय मां मिशन की अध्यक्ष साध्वी शरण ज्योति मां एवं साध्वी जीवन ज्योति मां ने कहा कि ब्रह्मलीन चक्रवर्ती महामंडलेश्वर उषा माता त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थी। श्रद्धालु भक्तों को धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर करने के साथ देश की एकता अखण्डता बनाए रखने में उनके योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी दिनेश दास, स्वामी विपिनानंद, स्वामी नागेंद्र, स्वामी शिवम महंत, स्वामी गोपालानंद, साध्वी शरण ज्योति मां, साध्वी जीवन ज्योति मां, साध्वी शीतल ज्योति मां, साध्वी शारद ज्योति मां सहित कई संत महापुरुष व श्रद्धालु मौजूद रहे।

# हरिद्वार मेडिकल कॉलेज का प्रो. डा. चंद्र मोहन सिंह रावत ने प्राचार्य पद का कार्यभार किया ग्रहण

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। हरिद्वार मेडिकल कॉलेज में ओपीडी सेवाएं शुरू होने की अच्छी खबर के बीच एक और राहत भरी खबर है। अनुभवी प्रोफेसर डॉ. चंद्र मोहन सिंह रावत ने प्राचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनके कार्यभार ग्रहण करने से चिकित्सा जगत में खुशी का माहौल है। हरिद्वार मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा सेवाएं शीघ्र उपलब्ध हों एवं बेहतर प्रबंधन से यह संचालित हो इसका लंबे समय से इंतजार किया जा रहा है। इसी बीच अनुभवी एवं विद्वान प्रोफेसर डॉ. चंद्र मोहन सिंह रावत ने राजकीय मेडिकल कॉलेज प्राचार्य पद का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले डॉ. रावत पिछले 12 वर्षों से अधिक समय से वीर चंद्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर, पौड़ी गढ़वाल और सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के प्राचार्य रहे। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में दोनों संस्थानों ने तीव्र गति से प्रगति की। कल हरिद्वार पहुंचने पर उनका इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दिनेश सिंह एवं अन्य चिकित्सकों ने स्वागत किया। डॉ. दिनेश ने डॉ. चंद्र मोहन सिंह रावत को यहां भेजने के लिए मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री आभार जताया तथा कहा कि उनके नेतृत्व में हरिद्वार मेडिकल कॉलेज के शेष बचे कार्यों में निश्चित रूप से प्रगति होगी। इस अवसर पर डॉ. मुकेश मिश्रा, डॉ. राम शर्मा, डॉ. अंजुल श्रीमाली सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



### धर्मनगरी में गणपति महोत्सव की धूम

# धर्म रक्षा मिशन ने 17वें गणेश जन्मोत्सव का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी के दिन भगवान गणेश के जन्मोत्सव पर श्री रामलीला भवन कनखल में धर्म रक्षा मिशन द्वारा जनमानस के कष्टों को दूर करने एवं देश की सुख समृद्धि हेतु आचार्य पंडित नितिन शुक्ला के सानिध्य में 17वें गणेश जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें गणपति का एक हजार सहस्रनामों द्वारा विभिन्न प्रकार के द्रव्यों मोदक, चावल, बेसन, दूर्वा,घी,पुष्प इत्यादि द्वारा अभिषेक किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया पंडित नितिन शुक्ला ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शास्त्रों में गणेश विसर्जन का किसी भी प्रकार का वर्णन नहीं है परंतु अज्ञानता वर्ष तथा देखा देखी के चलते प्रत्येक स्थान पर भगवान गणपति की केमिकल युक्त मूर्तियां स्थापित की जाती हैं जो विसर्जन के पश्चात पानी में घुलता नहीं व जलीय जीवों को नुकसान पहुंचता है। अतः हमारी संस्था द्वारा निरंतर प्रयास रहता है कि अधिक से अधिक इस संबंध में आम जन को जागरूक किया जाए इसलिए संस्था द्वारा हर वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें आने वाले भक्तगण अपने-अपने घर के मंदिर में स्थापित मूर्तियों को लाकर पूजन करते हैं तत्पश्चात मूर्तियों को मंदिर में पूजा पाठ के लिए रखा जाता है।

संस्था सनातन धर्म की रक्षा के द्वारा समाज में अपने धर्म को जागरूक करने के साथ-साथ सनातन धर्म में नव वर्ष के जागरण के लिए प्रत्येक नव संवत्सर पर कार्यक्रम में गरीब व्यवसाय बच्चों को प्रत्येक पाठ्य सामग्री, गौ सेवा, निशुल्क कर्मकांड, ज्योतिष, योग कक्षा इत्यादि जन सेवा सनातन धर्म की रक्षा के कार्य करती है। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मुख्य जजमान डॉ अशोक मानवी, संजय अग्रवाल एवं लव चौधरी रहे। पूजन कार्यक्रम में नगर विधायक मदन कौशिक, मेयर किरण जैसल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, पूर्व मेयर मनोज गर्ग ने प्रतिभाग कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था के महामंत्री राजकुमार प्रधान, योगेंद्र शुक्ला, दीप रतन शर्मा,ऋषभ दुबे, आदित्य शर्मा, शैलेष गुप्ता, उज्जवल शर्मा, अंकित शर्मा, नीरज शुक्ला, अभिनव शुक्ला, संजीव अग्रवाल, आकाश, आकर्षित शर्मा, प्रदीप देवनाथ ने सहयोग कर पूजन को सफल बनाया।

# हरिद्वार में प्रो. बोनो अधिकार मित्रों को परिचय पत्र वितरित

**निःशुल्क विधिक सहायता पर दी गई जानकारी**

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार नरेंद्र दत्त के आदेशानुसार बुधवार को जिले में प्रो बोनो अधिकार मित्रों को परिचय पत्र वितरित किए गए। ब्लॉक बहादराबाद के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिविल जज (सीनियर डिवीजन) एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार सिमरनजीत कौर ने प्रो बोनो अधिकार मित्रों को उनके परिचय पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा जरूरतमंदों को निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में डीपीआरओ अतुल कुमार और एडीओ विजेंद्र सैनी भी मौजूद रहे।

इसी क्रम में ब्लॉक रुड़की के सभागार में भी परिचय पत्र वितरित किए गए। यहां रमन कुमार सैनी (डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल) और अरविन्द कुमार श्रीवास्तव (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) ने प्रो. बोनो अधिकार मित्रों को परिचय पत्र सौंपे तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों व पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान किए जाने संबंधी जानकारी दी। रुड़की ब्लॉक कार्यक्रम में ए.बी.डी. ओ मनोज कांबोज, एडीओ पंचायत जयवीर चौहान, लॉ इंटर्न्स सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# सड़क किनारे खड़ी कार के शीशे तोड़े, ढाबा संचालक पर आरोप

**पुलिस पर कार्रवाई न करने के आरोप, पीड़ित ने दी तहरीर**

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र में हाईवे सर्विस रोड पर खड़ी एक कार के सभी शीशे तोड़ दिए गए। आरोप ढाबा संचालक और उसके सहयोगियों पर लगा है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पुलिस मौके पर पहुंची थी और एक व्यक्ति को पकड़ भी लिया गया था, लेकिन बाद में छोड़ दिया गया। वहीं, पुलिस की कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने सवाल उठाए हैं। मामला मंगलवार देर रात का बताया जा रहा है। चुड़ियाला निवासी गोपाल त्यागी अपनी कार से ऋषिकेश से लौट रहे थे। हरिलोक तिराहे के पास अचानक गाड़ी में खराबी आ गई और वह बंद हो गई। गोपाल त्यागी ने कंपनी की सूचना दी, जिसके बाद मैकेनिक मौके पर पहुंचे। गाड़ी ठीक न होने पर कंपनी की क्रेन बुलाई गई और कार को उसमें लाद दिया गया। इसी बीच क्रेन चालक किसी काम से थोड़ी दूरी पर चला गया। जब वह लौटा तो कार के सभी शीशे टूटे देख हैरान रह गया। आसपास पूछताछ में पता चला कि पास के ढाबे से जुड़े लोगों ने गाड़ी के शीशे तोड़े हैं। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिसकर्मियों ने एक शख्स को पकड़ लिया था, लेकिन कुछ समय बाद छोड़ दिया गया। इसके बाद क्रेन चालक और पीड़ित पक्ष ने बुधवार कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। वहीं, कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह का कहना है कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं थी। संबंधित पुलिसकर्मियों से रिपोर्ट लेकर जांच की जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी।

# स्वामी ओमानंद, पूर्व पार्षद कैलाश भट्ट ने की आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। भीमगोड़ा में दो पक्षों के बीच के हुए विवाद में एक पक्ष से जुड़े स्वामी ओमानंद, पूर्व पार्षद कैलाश भट्ट और भाजपा मंडल महामंत्री देवेश ममगाई ने प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान अपना पक्ष रखा और अभद्रता व मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। स्वामी ओमानंद ने बताया कि वे व कांग्रेस के पूर्व पार्षद कैलाश भट्ट, भाजपा मंडल महामंत्री देवेश ममगाई और क्षेत्र के लोगों के साथ भीमगोड़ा में रामलीला भवन के पास स्थित प्राचीन वट वृक्ष के आसपास सौंदर्यकरण करने लिए साफ सफाई करने पहुंचे थे। लेकिन पेड़ के नीचे प्लास्टिक की कैन रखकर कब्जा जमाए बैठे कब्जाधारक भड़क उठे और अभद्रता करने लगे। देवेश ममगाई पर हाथ भी उठा दिया। इसी बीच क्षेत्र के पूर्व पार्षद भी वहां पहुंच गए और उन्होंने भी अभद्रता की। घाट से भी कुछ लड़कों को बुला लिया। स्वामी ओमानंद ने बताया से उन्होंने बीच बचाव करने का प्रयास किया। लेकिन उनका भी लिहाज नहीं किया और मारपीट कर दी। उन्हें और पूर्व पार्षद कैलाश भट्ट को फोन पर जान से मारने की धमकी भी दी गयी। जिसकी रिकॉर्डिंग उनके पास है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे पैदल सीएम आवास कूंच करेंगे। पूर्व पार्षद कैलाश भट्ट ने कहा कि यह कांग्रेस और बीजेपी का मामला नहीं है। पूरे मामले से पुलिस को अवगत कराया गया है। पुलिस को इस संबंध में कार्रवाई करनी चाहिए। यदि कार्रवाई नहीं की गयी तो आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस नेता वरुण बालियान ने कहा कि जिस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही है। उससे ऐसे देखते हुए लगता है कि शहर में कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। राजनीतिक संरक्षण के चलते प्रशासन भी दबाव में है। उन्होंने कहा कि भीमगोड़ा में जिस प्रकार एक संत के साथ अभद्रता और मारपीट की गयी और फोन पर भी धमकी दी जा रही है। वह चिंताजनक है। पुलिस प्रशासन को आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। गिरफ्तार कर जेल भेजना चाहिए। यदि कार्रवाई नहीं होती है तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। पत्रकार वार्ता में वरुण बालियान, भाजपा मण्डल महामंत्री देवेश ममगाई, बलराम गिरी कड़क, विमल शर्मा सट्टू, गौरव उपाध्याय, प्रवीन जोशी, अवनीश, दीपक पहाड़ी, एडवोकेट मयंक त्यागी, कैश खुराना सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सिडकुल की अंधेरी सच्चाई- महंगी स्ट्रीट लाइटें सिर्फ दिखावा?

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। सिडकुल क्षेत्र की सड़कें इन दिनों अंधेरे में डूबी हुई हैं। करोड़ों रुपये खर्च कर कंपनियों से खरीदी गई स्ट्रीट लाइटें मुश्किल से एक महीने ही चल पाती हैं और उसके बाद खराब हो जाती हैं। सवाल उठता है कि आखिर इतनी महंगी खरीद का फायदा किसे हो रहा है? जनता को तो अंधेरे और असुरक्षा के अलावा कुछ नहीं मिल रहा।

सूत्र बताते हैं कि लाइटों की खराबी पर जिम्मेदार अधिकारी आँख मूँद कर बैठे रहते हैं। न तो समय पर मरम्मत होती है और न ही खराब लाइटें बदली जाती हैं। आरोप तो यहां तक है कि लाइटों का मुद्दा सिर्फ कमीशनखोरी और फाइलों में खानापूर्ति तक सीमित है। अंधेरे का सबसे बड़ा खामियाजा स्थानीय लोग और मजदूर वर्ग उठा रहा है। देर रात फैक्ट्रियों से लौटने वाले कर्मचारियों को हर वक्त असुरक्षा का डर सताता है। चोरी, लूट और असामाजिक गतिविधियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि अंधेरे का फायदा उठाकर गलत धंधे सिडकुल में तेजी से फल-फूल रहे हैं। सवाल यह भी है कि अगर बिजली बचाने के नाम पर लाइटें बंद रखी जा रही हैं, तो फिर करोड़ों रुपये खर्च कर इन्हें खरीदा ही क्यों गया? जनता पूछ रही है कि सिडकुल की अंधेरी सड़कों का जिम्मेदार कौन है ख़राब लाइटें बनाने वाली कंपनी, खरीदारी करने वाले अधिकारी या फिर दोनों?

# हरिद्वार में नशे का कारोबार : पुलिस की 'सफलताएं' या महज दिखावा?

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। गांजा, स्मैक और शराब की खेप रोजाना पुलिस द्वारा पकड़े जाने की खबरें सुर्खियों बन रही हैं, लेकिन सवाल उठता है कि असली खेल क्या है? सूत्रों के हवाले से सामने आया है कि नशे के माफिया खुद ही सीमित मात्रा में माल पकड़े जाने देते हैं, ताकि पुलिस वाहवाही लूट सके और मीडिया व जनता के सामने "सख्त कार्रवाई" का दिखावा हो सके। नशे के कारोबार से जुड़े सूत्रों का दावा है कि यह खेल थाने, चौकियों और यहां तक कि उच्च पुलिस अधिकारियों के कार्यालय तक चलता है। पैसों का लेनदेन सीधा-सादा नहीं बल्कि हवाला के जरिए होता है और इसमें रकम करोड़ों तक पहुंचती है। हरिद्वार में नशे का यह धंधा इतना बड़ा है कि इसमें कई रसूखदार और प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता बताई जा रही है। सवाल यह है कि जब रोजाना पुलिस नशा पकड़ रही है, तो इतना विशाल व्यापार कैसे फल-फूल रहा है? क्या यह केवल जनता को दिखाने के लिए बनाई गई 'कार्रवाई' है?

इधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश को नशा मुक्त बनाने का अभियान छेड़ा है। सरकार कहती है कि यह "नशा मुक्त उत्तराखंड" अभियान युवाओं को बचाने और माफिया पर कड़ी कार्रवाई के लिए है। लेकिन जब हरिद्वार जैसे धार्मिक और संवेदनशील शहर में ही नशे का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा हो, तो बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर यह अभियान जमीनी स्तर पर कैसे सफल होगा? क्या केवल पोस्टर, भाषण और प्रेस बयान से नशा मुक्त उत्तराखंड बन पाएगा, या फिर सिस्टम के भीतर बैठे लोगों की मिलीभगत पर भी सख्ती से वार करना होगा? जनता अब जानना चाहती है - धामी सरकार का नशा मुक्त अभियान क्या केवल कागजों तक सीमित है या सच में माफिया के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी?

### अंजुमन गुलामाने मुस्तफा सोसाइटी के संयोजन में

# धूमधाम से मनाया जाएगा जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। अंजुमन गुलामाने मुस्तफा सोसाइटी के संयोजन में पैगम्बर मुहम्मद साहब का जन्मोत्सव जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें चादरपोशी, रक्तदान शिविर, मरीजों को फल वितरण, कलियर शरीफ दरगाह में चादरपोशी आदि कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए सोसाइटी के सदर हाजी शफी खान एवं सेक्रेटरी हाजी शादाब साबरी ने बताया कि अंजुमन गुलामाने मुस्तफा सोसाइटी द्वारा प्रतिवर्ष जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का आयोजन धूमधाम से किया जाता है। इस वर्ष आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के तहत 31 अगस्त को इंडियन पब्लिक स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 4 सितम्बर को मियां सैय्यद बिलाल चिश्ती और सूफियान बाबा पीलीभीत से ज्वालापुर पहुंचकर कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में मेला अस्पताल व रामकृष्ण मिशन अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे। 5 सितम्बर को ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मंडी का कुंआ स्थित बाबा रोशनअली की दरगाह से पैदल जुलूस के रूप में कलियर शरीफ दरगाह जाकर चादरपोशी की जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होंगे। कार्यक्रम का समापन गढ़ी वाले पीर की मजार पर होगा। संस्था के अध्यक्ष शफी खान व सचिव शादाब साबरी ने कहा कि कार्यक्रमों के माध्यम से युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। जमशेद खान व हाजी रफी खान ने कहा कि पैगम्बर मोहम्मद साहब ने पूरी दुनिया को इंसानियत का पैगाम दिया। उन्होंने कहा कि एकता, सौहार्द और भाईचारा ही हमारी पहचान है। प्रेसवार्ता के दौरान गुलजार अंसारी, नौशाद, आलम सैफी आदि भी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं अपने बड़े पुत्र सुहेल व उसकी पत्नी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था और एक प्लाट जिसका क्षेत्रफल 2.5 बिस्से है जिसको मैंने अपने छोटे पुत्र साकेज उम्र 13 वर्ष (नाबालिग) के हक में 25.08.2025 को वसीयत की दी है और मेरे बाद उक्त सम्पत्ति का मालिक मात्र मेरा छोटा पुत्र मौ. साकेज होगा। मौ. जावेद पुत्र मौ. हनीफ, निवासी रायपुर रोड नेजीकुटिया कॉलोनी, मौहल्ला मुनीरगंज, नजीबाबाद, जिला बिजनौर यू.पी.।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र दीपक कुमार व उसकी पत्नी आशा को दिनांक 9-7-2021 को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। अब मेरे द्वारा पूर्व बेदखल घोषणा को निरस्त करता हूँ तथा आज से पुत्र दीपक समस्त चल व अचल सम्पत्ति का बतौर वारिस पूर्ण अधिकार होंगे। हरिश्चन्द्र पुत्र स्व. सग्गा, निवासी न्यू मार्किट भगवानपुर, तहसील भगवान, जिला हरिद्वार।

# देशी तमन्चा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

पथरी। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार को वाहन चौकिंग के दौरान घोंटी चौक से गुर्जरबस्ती जाने वाले रास्ते से एक संदिग्ध घूर रहे व्यक्ति को पकड़ा है। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देशी तमंचा 12 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कृष्णा उर्फ निच्चू 24 वर्ष पुत्र बुद्ध सिंह निवासी दुर्गागढ़ थाना पथरी बताया युवक किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जा रहा है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया एक युवक को एक 12 बोर का अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।



# पूर्ति विभाग ने पकड़ा रिफिलिंग का रैकेट

**गैस प्लांट पकड़ने से पहले ही खाली किए जा रहे थे कैप्सूल लंबे समय से जारी थी चोरी और अवैध रिफिलिंग**

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। हरिद्वार जिला पूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह के नेतृत्व में जिलापूर्ति विभाग,आईओसी और पुलिस ने रानीपुर क्षेत्र में देर-रात छापेमारी कर अवैध और चोरी की गैस रिफिलिंग के बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है।यह काम एक बंद पड़ी फैक्ट्री में किया जा रहा था। छापेमारी करने वाली टीम की आंखें तब खुली रह गईं जब उन्होंने मौके पर बिल्कुल किसी नियमित प्लांट की तरह बंद पड़ी फैक्ट्री में अवैध गैस रिफिलिंग का गोरखधंधा होते देखा। इससे यह भी अनुमान है कि यहां यह काम लंबे समय से चल रहा था लेकिन किसी को इसकी खबर नहीं हुई। दरअसल इस बंद पड़ी फैक्ट्री से कुछ ही दूर आईओसी का गैस प्लांट है, जहां विभिन्न स्थानों से गैस कैप्सूल पहुंचते हैं।बाद में यही गैस सिलेंडरों में भरकर उपभोक्ताओं तक पहुंचती है। लेकिन इन कैप्सूल को लाने वाले वाहन पहले इस बंद फैक्ट्री के अवैध रिफिलिंग प्लांट पर रोक दिए जाते थे। फिर कैप्सूल से गैस सिलेंडरों में भर ली जाती थी और सिलेंडरों को कालाबाजारी में बेच दिया जाता था। माना जा रहा है कि यह रैकेट लंबे समय से इस काम को कर रहा था। अवैध रिफिलिंग के साथ ही यहां कैप्सूलों से गैस चोरी का धंधा भी बड़े पैमाने पर चल रहा था।इस धंधे के पीछे बड़े लोगों के संरक्षण की बात भी निकलकर आ रही है। पुलिस पूरे मामले के खुलासे में जुट गई है। पुलिस और पूर्ति विभाग की टीम ने मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि चार लोग छापा पड़ते ही भाग खड़े हुए। पुलिस उनकी भी तलाश में जुटी है।मौके से टीम को दो गैस कैप्सूल जिनमें 34 टन गैस थी मिले हैं।



> अवैध रिफिलिंग की गुप्त सूचना पर देर-रात छापेमारी की गई जिसमें यह रैकेट पकड़ में आया। पूरे मामले से जिलाधिकारी को अवगत करा दिया गया है। ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए अभियान चलाया जाएगा। - **तेजबल सिंह जिला पूर्ति अधिकारी, हरिद्वार**

साथ ही 61 खाली भरे गैस सिलेंडर 3 नोजल 9 बांसुरी 2 पाइप कटर और अन्य रिफिलिंग में काम आने वाले उपकरण भी मिले हैं। पूर्ति विभाग की ओर से दिल्ली की गैस आपूर्ति करने वाली दो एजेंसियों के साथ ही 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मौके से जिन तीन लोगों को पकड़ा गया उनमें ललित मुज्जफर नगर का सूरजीत ऋषिकेश का और दीपक रीवा मध्य प्रदेश का रहने वाला है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :

सिटी कार्यालय दैनिक

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड़, हरिद्वार

**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**

**डी. एस. वर्मा**

मो.: 9411100741

# बारिश से ढहा आवासीय भवन, पीड़ित परिवार गोशाला में

■ गांव के कई अन्य घर भी भूस्खलन की चपेट में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फाटा।** केदारघाटी में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से ग्राम पंचायत ब्यूँग के कोरखी निवासी गीताराम पुत्र माहेश्वर प्रसाद का आवासीय भवन भूस्खलन की चपेट में आ जाने से ढ़ह गया है। जिस से परिजन गौशाला में रहने को मजबूर बने हुए हैं।

बता दें कि केदारघाटी में लगातार हो रही बारिश से बीती 17 अगस्त को कोरखी निवासी गीताराम पुत्र माहेश्वर प्रसाद का आवासीय भवन भू धंसाव की जद में आ जाने से ढ़ह गया था। उस दौरान परिजनों ने रात्रि में भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित गीताराम ने बताया कि आवासीय भवन केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग के ऊपर स्थित है। सड़क चौड़ीकरण के दौरान से ही उनके मकान पर दरारें आने लगी थी। कई बार राजमार्ग विभाग के उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया, लेकिन उनके द्वारा सिर्फ आश्वासन देकर पल्ला झाड़ दिया गया। बीते वर्ष जिला प्रशासन द्वारा एक लाख चौबीस हजार की सहायता राशि दी गई, जिसमें बरसात के दौरान छ माह मुझे अन्यत्र स्थान पर रहने के लिये चार हजार रुपए प्रतिमाह किराया दिया गया। साथ ही मेरे द्वारा क्षतिग्रस्त मकान के आगे स्थित सुरक्षा दीवार का निर्माण किया गया। वहीं इस वर्ष उनका आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त आवासीय भवन भू धंसाव की चपेट में आ जाने से ढह गया। उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार के साथ अभी अपनी गौशाला में रहने को मजबूर है।

उन्होंने बताया कि राजस्व निरीक्षक गुप्तकाशी एवं राजस्व उपनिरीक्षक ने मौके का मुआयना किया, लेकिन अभी तक उनके द्वारा रखी गई विस्थापन की मांग पर कोई अमल नहीं हो पाया है, न हीं उन्हें 17 तारीख से अभी तक कोई भी सरकारी सहायता प्रदान की गई। ग्राम प्रधान ब्यूँग अनिल उनियाल ने बताया कि ग्रामीण गीताराम का आवासीय भवन बीती 17 अगस्त की बरसात में पूर्ण तह क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसकी सूचना तहसील प्रशासन को दे दी गई। उनके द्वारा मौके का मुआयना किया गया। साथ ही अन्य ग्रामीण वासवानंद जोशी एवं राजेंद्र जमलोकी के आवासीय भवन भी भू धंसाव की जद में आ गए हैं।

जिससे ये लोग भी भय के साए में जी रहे हैं। ग्रामीण विष्णु दत्त जोशी ने बताया कि विगत तीन वर्षों से इस क्षेत्र में भू धंसाव हो रहा है। कई बार जिला प्रशासन एवं राजमार्ग विभाग को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत किया गया। राजमार्ग विभाग द्वारा इस स्थान पर सुरक्षा को लेकर कार्य नहीं किया गया, जिसका परिणाम ग्रामीणों को अपने आवासीय भवनों को छोड़ने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं राजस्व निरीक्षक विनोद रतूड़ी ने बताया कि मौके का मुआयना कर देखा गया कि आवासीय भवन पूर्ण क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसकी जांच रिपोर्ट तहसील प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन में दे दी गई।

# गणपति बप्पा मोरया के उद्घोषों से गूंजा सेपियंस स्कूल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** द सेपियंस स्कूल विकासनगर तथा हरबर्टपुर में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 6 तथा कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने विशेष प्रात: कालीन प्रार्थना सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ 'वक्रतुंड महाकाय' श्लोक से हुआ, तत्पश्चात तेजस्विनी के मधुर गायन ने प्रार्थना सभा को भक्तिमय बना दिया विद्यार्थियों ने भजन, नृत्य, कथा-कहानी एवं भाषणों की प्रस्तुतियाँ देकर भगवान गणेश के जीवन एवं उनके महत्व पर प्रकाश डाला।

सेपियंस विद्यालय विकासनगर के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा रंग बिरंगें परिधानों में गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया गया तथा आराध्य, वैभवी ने मनमोहक गणेश वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भगवान गणेश को विघ्नहर्ता एवं सिद्धिविनायक के रूप में प्रस्तुत किया और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। विद्यालय की निदेशिका रश्मि गोयल ने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाने का संकल्प भी लिया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, हरबर्टपुर प्रधानाचार्या गीता नेगी ने कहा कि गणेश जी बुद्धि, विवेक और विनम्रता के प्रतीक हैं, और विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपनी अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

# प्रतिबंधित दवाओं में अदालत ने 10 साल की कारावास की सजा सुनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट नंदन सिंह की अदालत ने प्रतिबंधित दवाओं के साथ पकड़े एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर उसे एक साल की सजा और भुगतनी पड़ेगी। मामला 2021 का सहसपुर थाना क्षेत्र का है। शासकीय अधिवक्ता नरेश बहुगुणा ने बताया कि 20 अगस्त 2021 को थाना सहसपुर पुलिस ने सभावाला क्षेत्र में रात लगभग नौ बजे एक व्यक्ति को कंधे पर बैग टंगा देखा। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान रोहित कुमार पुत्र मुकेश निवासी सहारनपुर के रूप में हुई। बैग की तलाशी ली गई तो उसमें दो डिब्बों में 288 प्रतिबंधित कैप्सूल और तथा दस डिब्बों में 4500 गोलियां बरामद हुई। उसने बताया कि वह ये दवाएं सहानपुपुर से सस्ते दाम पर लेकर आता है। यहां उन्हें बेचकर अच्छा मुनाफा कमाता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। उसे जेल भेज दिया गया। शासनकीय अधिवक्ता ने इस मामले में सात में से पांच गवाह पेश किए। गवाहों और दलीलों के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर करावास और एक लाख जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

# मंदिर दसऊ में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**साहिया।** जौनसार बावर के इष्टदेव महासू देवता के जागड़ा पर्व पर महासू देवता मंदिरों में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। बुधवार को जागड़ा पर्व मनाने के लिए छत्रधारी चालदा महासू महाराज मंदिर दसऊ में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पघ्डा। सुबह से ही मंदिर परिसर में महासू देवता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही।

दोपहर शुभ मुहूर्त पर छत्रधारी चालदा महासू महाराज के देव डोरिया, महाराज के सिंहासन को स्नान के लिए मंदिर के गर्भ गृह से बाहर निकाला गया। देव चिन्हों के बाहर आते ही पूरा गाँव छत्रधारी चालदा महासू महाराज के जयकारो से गूँज उठा और श्रद्धालुओं ने देव चिन्हों पर पुष्प वर्षा की। देव चिन्हों को स्नान के लिए दसऊ गाँव से दूर देवपाणि पर ले जाया गया इस दौरान देव पुजारी, वजीर, देव कारिंदो के साथ साथ हजारों श्रद्धालु देव स्नान यात्रा में शामिल हुए।

स्नान के पश्चात देव चिन्हों को दर्शन के लिए मंदिर परिसर में रखा गया। जहाँ हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर अपनी अपनी मन्नत मांगी। देव दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद रूपी भंडारा भी ग्रहण किया। जिसके बाद महिलाओ ने पारंपरिक हारुल नृत्य कर समा बाँधा। छत्रधारी चालदा महासू महाराज मंदिर दसऊ में जौनसार बावर के अलावा हिमाचल प्रदेश से भी काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पहुचें। इसके अलावा बोठा महासू देवता मंदिर पंचरा (भंजरा), महासू सिद्ध पीठ थैना, चालदा महासू महाराज मंदिर दोहा, महासू देवता मंदिर टगरी, महासू महाराज मंदिर गबेला, महासू देवता मंदिर कोटि, महासू देवता मंदिर सलगा में भी जागडा पर्व को बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# स्वरांजलि संगीत विद्यालय में प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन

**विकासनगर।** स्वरांजलि संगीत विद्यालय में प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से पधारे एग्जामिनर एवं निर्देशक प्रभाकर दयाल, अधिवक्ता नवीन शाह तथा सेंटर इंचार्ज गर्ग के सान्निध्य में विद्यालय में प्रयोगात्मक प्रैक्टिकल परीक्षा का आयोजन हुआ।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने संगीत के प्रति अपनी प्रतिभा और समर्पण का प्रदर्शन किया। एग्जामिनर द्वारा न केवल परीक्षा ली गई, बल्कि उन्होंने संगीत की बारीकियों और व्यावहारिक ज्ञान को विद्यार्थियों के साथ साझा किया, जिससे बच्चों को अपने कला-साधना के मार्ग पर नई प्रेरणा और दिशा मिली। अतिथियों ने स्वरांजलि संगीत विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान संगीत को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में निरंतर अग्रसर है।

## एक नजर .......

# केदारनाथ धाम में धूम धाम से मनाई गयी गणेश चतुर्थी



**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में गणेश चतुर्थी धूम धाम से मनाई गई। प्रात: केदारनाथ मंदिर के मुख्य द्वार पर स्थित गणेश भगवान की मूर्ति की विशेष पूजा अर्चना और श्रृंगार करने के बाद आरती उतारी गयी। गणेश चतुर्थी के पर्व पर आज सुबह केदारनाथ मंदिर के मुख्य दरवाजे पर स्थित भगवान गणेश की केदारनाथ धाम के मुख्य पुजारी के अलावा तीर्थ पुरोहितों ने श्रृंगार व विशेष पूजा की। पूजा अर्चना के बाद गणपति महाराज की आरती उतारी गयी। बाद में धाम में भगवान गणेश की भव्य झांकी भी निकाली गयी।

# टूंगरा में धूमधाम से मनाया गया जागड़ा पर्व

**चकराता।** चकराता तहसील के ग्राम टूंगरा स्थित प्राचीन महासू देवता मंदिर में परंपरागत आस्था और उत्साह के साथ जागड़ा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। रविवार सुबह मंदिर परिसर श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठा।प्रात: 9 बजे विधिविधान के साथ मंदिर के गर्भगृह से महासू महाराज की पालकी एवं देव चिन्हों को बाहर निकाला गया। ढोल-दमाऊं और गाजे-बाजों की ध्वनि के बीच देव पालकी को पारंपरिक ढंग से सजाया गया और श्रद्धालुओं ने नृत्य-गान के साथ पर्व का आनंद लिया। इसके उपरांत देव पालकी और देव चिन्हों को शाही स्नान के लिए पवित्र जलस्रोत तक ले जाया गया, जहाँ विधिपूर्वक स्नान सम्पन्न होने के बाद पुन: मंदिर में प्रतिष्ठापित किया गया।मंदिर प्रांगण में पालकी नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोग और श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया। इस अवसर पर दलीप रावत, वीरेंद्र रावत, वीरेंद्र जोशी, भाव सिंह रावत, सालक राम, दिनेश चौहान, नन्द लाल भारती, सुरेंद्र रावत, राजेंद्र चौहान, चुनी लाल रावत, टीकम रावत, मुलायम सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# गणेश समिति डाकपत्थर में गणेश प्रतिमा की स्थापना



**विकासनगर।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश समिति डाकपत्थर के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गई। इस अवसर पर वातावरण भक्तिमय रहा और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा।समिति अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, सचिव सौरभ उनियाल, कोषाध्यक्ष नवीन पटवाल, उपाध्यक्ष इशु जोशी व दीपक कुमार, सहसचिव नरेन्द्र चौधरी सहित समिति से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में अमित वर्मा, मोंटी, अंकित सिंह, अपूर्व भट्टाचार्य, अभिनव चौहान, आदित्य गुरुंग, सीमा गर्ग, मंजू, इशिका, पूनम, शिवानी, राजेश्वरी देवी, रोनित, रोहित, पियूष, अनुज समेत बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

समिति सदस्यों ने बताया कि आगामी दिनों में प्रतिदिन भजन-कीर्तन, आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गणेश विसर्जन शोभायात्रा धूमधाम से संपन्न की जाएगी।

# युवाओं ने श्रीनगर में नशा मुक्त भारत के लिए लगाई दौड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** समाज कल्याण विभाग और गढ़वाल विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। ओपन महिला व पुरुष और स्कूली वर्ग की इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के 200 से अधिक धावकों ने प्रतिभाग किया। इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी गयी और हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। बुधवार को गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर से नगर क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होते हुए क्रॉस कंट्री दौड़ आयोजित की गयी। मेयर नगर निगम आरती भंडारी, गढ़वाल विवि के प्रदोन्नत डीन प्रो. एमएस पंवार और सीटीसी एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट विकास कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित सिंह डुबरिया ने हरी झंडी देकर मैराथन दौड़ का शुभारंभ किया। ओपन पुरुष वर्ग की मैराथन दौड़ में कुलदीप ने प्रथम, चंदन ने द्वितीय और चाहत कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला ओपन वर्ग में चांदनी राजपूत प्रथम, ज्योति द्वितीय और काजल बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि स्कूली छात्र वर्ग में आदर्श पटवाल पहले, सौरभ भंडारी दूसरे और भार्गव तीसरे स्थान पर रहे। वहीं छात्रा वर्ग में मोनिका गिरी पहले, अक्षिता दूसरे और रश्मि चंदोला तीसरे स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि मेयर आरती भंडारी ने कहा कि नशा हमारे समाज को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आकर अपने भविष्य को अंधकारमय बना रही है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील किया कि नशे से दूर रहें तथा दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करें। विशिष्ट अतिथि प्रो. एमएस पंवार ने कहा कि नशा त्याग कर ही हम स्वस्थ, सशक्त और उन्नत समाज का निर्माण कर सकते हैं। युवाओं के जीवन में अपार संभावनाएं छिपी हैं, लेकिन नशा इन संभावनाओं को नष्ट कर देता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम सब मिलकर नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करें। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इस अवसर पर गढ़वाल विवि के खेल विभाग के निदेशक प्रो. जेपी मेहता, उप जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. विमल गुसाईं, एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट विकास सिंह, डॉ. मुकुल पंत, डॉ. हीरा लाल यादव, हैप्रेक के निदेशक प्रो. विजयकांत पुरोहित, नोडल अधिकारी मोहित बिष्ट, अपर समाज कल्याण अधिकारी अनिल सेमवाल, स्पोर्ट्स कोच सुदीप चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।

# चमोली में 160 प्रधान और 874 ग्राम पंचायत सदस्यों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**चमोली जनपद में सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशों के क्रम में प्रधान ग्राम पंचायत और सदस्य ग्राम पंचायतों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

जिसके तहत बुधवार को जनपद के 160 प्रधान ग्राम पंचायतों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। इसी दौरान जनपद के 874 सदस्य ग्राम पंचायतों ने भी शपथ ली।

जिला पंचायती राज अधिकारी रमेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में कुल 615 प्रधान ग्राम पंचायत के पदों के सापेक्ष 609 ग्राम प्रधान पदों पर निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण की गई थी। जिनमें से जनपद में 167 ग्राम पंचायतें ही संगठित हो पाई हैं। ऐसे में बुधवार को 160 प्रधानों और 874 सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई है।

उन्होंने कहा कि जनपद की अन्य 7 संगठित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को कतिपय कारणों से शपथ नहीं दिलाई जा सकी है। शीघ्र पुन: कार्यक्रम निर्धारित कर शेष ग्राम प्रधानों को भी पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को दशोली ब्लॉक के 20, ज्योतिर्मठ के 7, पोखरी के 16, नंदानगर के 4, कर्णप्रयाग के 23, गैरसैंण के 29, नारायणबगड़ के 30, थराली के 19, देवाल के 12 प्रधानों ने शपथ ग्रहण की है।

# सहोदय इंटर स्कूल सीनियर बॉयज फुटबॉल टूर्नामेंट में खेले गए रोमांचकारी मुकाबले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शिवालिक एकेडमी में आयोजित तीन दिवसीय सहोदय इंटर स्कूल सीनियर बॉयज फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन के मुकाबले बड़े उत्साह और जोश के साथ खेले गए।पहला मैच डी.पी.एस.जी. सेलाकुई और एस.एन. मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें एस.एन. मेमोरियल ने 1-0 से जीत दर्ज की। इसके बाद हुए दूसरे मैच में द सैपिएन्स हर्बर्टपुर और गुरु नानक पब्लिक स्कूल आमने-सामने रहे, जहाँ गुरु नानक पब्लिक स्कूल ने 2-1 से रोमांचक जीत हासिल की। तीसरे मुकाबले में लक्ष्य पब्लिक स्कूल को द कैम्ब्रिज सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने 5-0 से पराजित किया। चौथा मैच द आर्केडिया स्कूल और सेंट मेरीज पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें आर्केडिया स्कूल ने 2-1 से जीत दर्ज की।पाँचवाँ और सबसे रोमांचक मुकाबला कर्नल्स एकेडमी और द सैपिएन्स स्कूल विकासनगर के बीच हुआ, जो पेनल्टी शूटआउट तक गया। कड़े संघर्ष में द सैपिएन्स स्कूल विकासनगर ने 3-1 से जीत हासिल कर अगले दौर में जगह बनाई।

# सहसपुर विधायक ने वितरित किए आर्थिक सहायता के चेक

**विकासनगर।** सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने मंगलवार को अपने कैम्प कार्यालय सुद्धोवाला में ग्राम श्यामपुर, ठाकुरपुर, कैंचीवाला, अटकफार्म, तेलपुरा एवं होरावाला के निर्धन व जरूतमन्द लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के चेक वितरित किये।इस अवसर पर विधायक पुंडीर ने कहा कि जनसेवा ही उनका पहला कर्तव्य है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवारों की मदद करना एक मानवीय जिम्मेदारी है।

# सलेमपुर की समस्याओं का करें निस्तारण: राव शाहिद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**ऋषिकेश।** पूर्व सीएम एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत से ऋषिकेश क्षेत्र में ग्राम पंचायत सलेमपुर की समस्याओं को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पंचायत व आसपास के क्षेत्र में बदहाल सड़कों की समस्या से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने सलेमपुर में बरसाती नाले की वजह से किसानों की उपजाऊ भूमि के भी हर साल बरसात में बहने की जानकारी दी। क्षतिग्रस्त सड़कों के साथ ही नाले से किसानों की भूमि के बचाव को लेकर बाढ़ सुरक्षा कार्य करने की मांग उठाई। पंचायत की आबादी को कृषि भूमि तक जोड़ने के लिए बरसाती खाले पर पुल निर्माण की मांग भी की, जिसपर सांसद ने डीएम हरिद्वार से मोबाइल फोन से संपर्क कर समस्याओं के निस्तारण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रधान संगीता पाटिल का भी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सांसद को दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व राज्यमंत्री राव शाहिद अहमद, राव अबरार, राव फैजान, मोहित सिंह पाटिल, राव माजिद, खालिद, मुकेश कुमार आदि शामिल थे।फोटो कैप्शन- पूर्व सीएम एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत को सलेमपुर ग्रामसभा की समस्याओं से अवगत करते पूर्व राज्यमंत्री राव शाहिद अहमद आदि मौजूद रहे।

# सांसद त्रिवेंद्र रावत ने आपदा घायलों का जाना हालचाल

■ एम्स ऋषिकेश में थराली आपदा के घायलों का हो रहा समुचित उपचार: त्रिवेंद्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** हरिद्वार सांसद एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत बुधवार अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश पहुँचे। उन्होंने हाल ही में थराली क्षेत्र में आई आपदा में घायल हुए व्यक्तियों एवं उनके परिजनों से भेंट की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की।

सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने एम्स के चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ से उपचार की जानकारी लेकर कहा कि एम्स के कुशल डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की सतर्क देखरेख में घायलों का समुचित उपचार किया जा रहा है। हमें विश्वास है कि शीघ्र ही सभी घायल स्वस्थ होकर अपने परिवारों के बीच लौटेंगे।उन्होंने घायलों एवं परिजनों का हौसला बढ़ाते हुए ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। साथ ही कहा कि इस कठिन घड़ी में सरकार और समाज, दोनों ही पूरी संवेदनशीलता और सहयोग के साथ आपदा पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं।

# दूरस्थ क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों में बढ़ी सुविधाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जिलाधिकारी सविन बसंल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चकराता एवं त्यूनी के निरीक्षण की अनुपालन आख्या में सम्बंध में बैठक ली। बैठक में जानकारी देते हुए बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चकराता में पंजीकरण एवं दवाई वितरण हेतु अलग-2 कांउटर बनाए जाने हेतु दिए गए निर्देश के अनुपालन में प्रीफैब्रीकेटेड कक्ष हेतु आंगणन तैयार कर तकनीकि स्वीकृति प्राप्त कर ली गयी है। इसी सप्ताह कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

बताया गया स्वास्थ्य केन्द्र, चकराता के चिकित्सालय में दन्त अनुभाग में स्थापित आर०बी०जी० मशीन की मरम्मत की जा चुकी है, एंव मशीन कार्यशील है। चिकित्सालय के प्रसव कक्ष हेतु स्वास्थ्य विभाग की जिला योजना मद से 1 डिलविरी टेबल तथा एल०ई०डी० फोकस लाईट के कर्यादेश निर्गत किये जा चुके हैं, जो कि क्रमश: 1,40,000 रूपये एवं 60,000 रूपये के हैं। सामदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चकराता में 2 कक्ष सेविकाओ नियुक्ति की गई हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, त्यूणी हेतु डैड बाडी डिपप्रीजर का क्रय करके चिकित्सा इकाई को प्रदान किया जा चुका है।

# नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**विकासनगर।** चकराता, कालसी, विकासनगर और सहसपुर विकास खण्डों में आज नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। चारों विकास खण्ड मुख्यालयों और विभिन्न ग्राम सभाओं में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रमों में प्रधानों के साथ ही वार्ड सदस्यों ने भी लोकतंत्र की मर्यादा निभाने और जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

शपथ ग्रहण समारोह में विभागीय अधिकारी और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिन्होंने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने निर्वाचित प्रतिनिधियों से अपेक्षा जताई कि वे सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे। स्थानीय जनता ने भी नई पंचायतों से उम्मीद जताई कि गाँवों की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों में गति लाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों ने भी अपने वायदों पर खरा उतरते हुए गांव के विकास की बात कही।

# कार्यालय–नगर निगम कण्वनगरी, कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक :– 2738/नि0अनु0/65 नि0का0/2025–26 दिनांक:– 26/08/2025

## निविदा सूचना

नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यो की सील बन्द निविदाएँ दिनांक 11.09.2025 को अपराहन 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.08.2025 से 09.09.2025 को अपराहन 02:00 तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दिनांक 11.09.2025 को सायं 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। किसी भी दर/निविदा को अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम कोटद्वार के पास सुरक्षित होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी

| क0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क +18%GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 02 कुम्भीचौड मुख्य मार्ग से देवेन्द्र सिह रावत के घर की ओर सी0सी0 सडक व नाली का निर्माण कार्य। | 7,500.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन |
| 2 | वार्ड नं0 02 कुम्भीचौड महाराज सिंह से नरेन्द्र सिह नेगी के घर की ओर सी0सी0सडक व नाली का निर्माण कार्य। | 7,500.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन |
| 3 | वार्ड नं0 03 लालपानी में गुरूरामराय पब्लिक स्कूल के सामने से पुरण सिह के घर से शेरसिह राणा के घर की ओर सी0सी0सडक का निर्माण कार्य। | 7,500.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन |
| 4 | वार्ड न0 3 लालपानी मे मदनसिंह नेगी के घर से विपिन रावत के घर की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य । | 12,900.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन |
| 5 | वार्ड नं0 04 सन्तोष सिह के घर से श्रीमती रेनू रस्तोगी के घर की ओर सी0सी0सडक का निर्माण कार्य। | 7,500.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन |
| 6 | वार्ड न0 4 में मुख्य मार्ग से सजंय रावत की दुकान से होते हुए ईषाक मास्टर व बबलू रावत के घर की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 9,900.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन |
| 7 | वार्ड नं0 06 मुख्य मार्ग से मनोज के घर की ओर सी0सी0सडक का निर्माण कार्य। | 7,500.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन |
| 8 | वार्ड नं0 6 मुख्य मार्ग से कमलेश डबराल के घर की ओर सी0सी0सडक का निर्माण कार्य। | 7,500.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन |
| 9 | वार्ड नं0 7 कोडिया शहीद भूपेन्द्र कालोनी में रतन अग्रवाल के घर से सुनील कर्णवाल के प्लाट की ओर सी0सी0सडक का निर्माण कार्य। | 7,500.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन |
| 10 | वार्ड 7 कोडिया शहीद भूपेन्द्र कालोनी में मनोज अग्रवाल के घर से कमल के घर की ओर सी0सी0मार्ग का निर्माण कार्य। | 7,500.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन |
| 11 | वार्ड नं0 8 गोविन्द नगर में श्री यशवन्त के घर से नागरमल जी के घर की ओर सी0सी0सडक का निर्माण कार्य। | 6,300.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन |
